राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर !

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 195
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 10 जून 2025
मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट

पेज 3 रेरा की चुप्पी और एस्कॉन का खेल : ये घोटाला नहीं, साजिश है!

पेज 4 शाहजहांपुर : पूर्व सीएम के कारोबारी रिश्तेदार, उनके बेटे-बहन

पेज 6 मैं 22 वर्ष की उम्र से कप्तानी कर रहा हूं, मुझे इसमें मजा आता है

## संक्षिप्त खबरें

### बेंगलुरु में इंजीनियर ने प्रेमिका को 17 बार चाकू मारा

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु से हत्या की दो घटनाएं सामने आई हैं। टेक इंजीनियर यशस (25 साल) ने अपनी प्रेमिका हरिनी (33 साल) की चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना 6-7 जून की रात पूर्णा प्रजना लेआउट के ओयो होटल के कमरे में हुई। दोनों एक-दूसरे को एक महीने से जानते थे। डीसीपी साउथ लोकेश बी जगलासर ने बताया कि महिला आरोपी से रिश्ता खत्म करना चाहती थी और दूरी बना रही थी। इसी बात से गुस्साए आरोपी यशस ने उसपर चाकू से 17 बार हमला किया। इससे उसकी मौत हो गई। मृतक हरिनी के 2 बच्चे भी थे। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस जांच कर रही है।

### केरल में सिंगापुर के कार्गो शिप में आग लगी

**कोच्चि।** केरल के कोच्चि में सिंगापुर के कार्गो शिप MV WAN HAI 503 में सोमवार सुबह आग लग गई। घटना के दौरान कार्गो पर 22 क्रू मेंबर्स सवार थे। इनमें से 18 लोग आग लगने के बाद समुद्र में कूद गए। इनमें कुछ झुलस गए हैं। हालांकि, सबको बचा लिया गया है। 4 क्रू मेंबर्स लापता बताए जा रहे हैं। इंडियन कोस्ट गार्ड के मुताबिक, बचाए गए क्रू मेंबर्स में आठ चीन, छह ताइवान, पांच म्यांमार और तीन इंडोनेशिया के नागरिक हैं। लापता क्रू मेंबर्स की तलाश जारी है। हादसे की कई तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें दिखा कि शिप के बीचोंबीच आग लगी है।

## जल संकट



नई दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित संजय कैंप में गर्मी के दिनों में जल संकट के बीच टैंकर से पीने का पानी भरते लोग और खेलते बच्चे।

## आईईडी ब्लास्ट में एएसपी आकाश राव शहीद

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से कोंटा डिवीजन के एएसपी आकाश राव गिरिपुंजे शहीद हो गए हैं। वारदात में कोंटा एसडीओपी भानुप्रताप चंद्राकर और टीआई सोनल ग्वाला घायल हैं, जिन्हें रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शहीद आकाश राव गिरिपुंजे का पार्थिव शरीर रायपुर के मेकाहारा लाया गया है। मेकाहारा में पोस्टमॉर्टम के बाद शव को उनके निवास ले जाया जाएगा। एएसपी की शहादत की सूचना मिलने पर उनकी टीम के जवान फूट-फूटकर रोते रहे। वहीं घायल एसडीओपी और टीआई को सुकमा में इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए एयर-लिफ्ट कर रायपुर लाया गया है। रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल एसडीओपी और टीआई की हालत खतरे से बाहर हैं। इसे लेकर सीएम साय ने कहा कि नक्सलियों को अब भुगतना होगा। उनके खात्मे के दिन नजदीक आ गए हैं। छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का अस्तित्व ही खत्म कर दिया जाएगा। वहीं गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि अब नक्सलियों से कोई बातचीत नहीं होगी।

# सोनम 3 दिन की रिमांड पर

**इंदौर से 4 आरोपी आज फ्लाइट से भेजे जाएंगे; पोस्टमार्टम रिपोर्ट- राजा के सिर पर 2 चोटें**

**गाजीपुर, इंदौर, शिलॉन्ग।** इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के आरोप में उसकी पत्नी सोनम रघुवंशी को यूपी के गाजीपुर की कोर्ट में पेश किया गया। तीन घंटे चली कार्यवाही के बाद कोर्ट ने सोनम को मेघालय पुलिस को 3 दिन की ट्रांजिट रिमांड पर सौंप दिया। मेघालय पुलिस सोनम को लेकर शिलॉन्ग के लिए रवाना हो गई।

राजा रघुवंशी और उनकी पत्नी सोनम 20 मई को हनीमून पर गए थे। 23 मई को मेघालय के ईस्ट खासी हिल्स जिले के सोहरा क्षेत्र से लापता हो गए थे। 2 जून को राजा का शव एक खाई में मिला, जबकि उनकी पत्नी सोनम की तलाश जारी थी।

### यूपी में ढाबे पर बदहवास मिली थी सोनम

17 दिन बाद सोमवार को सोनम 1100 किलोमीटर दूर यूपी के गाजीपुर में एक ढाबे पर बदहवास हालत में मिली थी। उसे वन स्टॉप सेंटर में पुलिस की निगरानी में रखा गया था। सोनम ने काले रंग की टी-शर्ट और लोअर पहन रखा था। बाल बिखरे थे।

ऐसा लग रहा है कि वह कई दिनों से सोई नहीं है। एक महिला इंस्पेक्टर ने



उससे पूछा कि वो यहां तक कैसे पहुंची। जवाब में सोनम ने कहा- मुझे कुछ याद नहीं है।

### इंदौर में 3 आरोपी 7 दिन की ट्रांजिट रिमांड पर

इधर, इस मर्डर केस में सोमवार को इंदौर से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें राज कुशवाहा, विशाल चौहान, आकाश राजपूत शामिल है। पुलिस ने इन्हें कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपियों को मेघालय पुलिस को 7 दिन की ट्रांजिट रिमांड पर सौंप दिया है।

इंदौर के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि बीना से पकड़ाया गया आरोपी आनंद कुर्मी सोमवार शाम तक इंदौर नहीं पहुंच पाया है। उसे मंगलवार सुबह कोर्ट पेश किया जाएगा। इसे बाद चारों आरोपियों को मंगलवार सुबह फ्लाइट से शिलॉन्ग लेकर जाया जाएगा।

### पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट : राजा के सिर में धारदार हथियार से हमला

इंदौर के राजा रघुवंशी मर्डर केस में मेघालय एसआईटी के प्रमुख हर्बर्ट पिनियाड खारकोंगोर ने सोमवार को बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया कि राजा रघुवंशी के सिर पर धारदार हथियार से हमला किया गया। उसके सिर में दो चोटें आई थीं।

# दिल्ली-एनसीआर में पारा 43.4 पहुंचा

**आज के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी; राजस्थान के हीटवेव की रेड**

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर समेत पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश जैसे मैदानी राज्यों के लिए हीटवेव और लू का अलर्ट जारी किया है। इन राज्यों के ज्यादातर जिलों में सोमवार दोपहर में तापमान 40 के पार रहा है।



दिल्ली-एनसीआर में सोमवार को हीटवेव-गर्मी का तेज असर रहा। सफदरजंग इलाके में अधिकतम पारा 43.4 रहा, लेकिन गर्मी 49 फील की गई। दिल्ली-एनसीआर में आज हीटवेव-गर्मी का ऑरेंज अलर्ट जारी रही। यहां 10 और 11 जून को हीटवेव और गर्मी का ऑरेंज अलर्ट ही है। 12-13 जून के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग ने राजस्थान में तेज हीटवेव और गर्म रात का रेड अलर्ट जारी किया है। सबसे ज्यादा अलर्ट राज्य के पश्चिमी जिलों जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, पाली, जालोर, सिरोही में है। इधर पूर्वी राजस्थान में गर्मी और गर्म रात दोनों का ऑरेंज अलर्ट है। राजस्थान के श्रीगंगानगर में रविवार को 47.4 तापमान दर्ज किया गया था। जो देश में सबसे अधिक था। पहाड़ी राज्यों में भी तेज गर्मी जारी है। जम्मू-कश्मीर में अगले 3 दिन येलो अलर्ट है। मध्य प्रदेश के 16 जिलों में हीटवेव का येलो अलर्ट है।

मानसून की बात करें तो यह 29 मई से अभी भी बिहार-पश्चिम बंगाल की सीमा पर अटका है। 15 जून तक इसके मध्य प्रदेश में पहुंचने की संभावना है।

मानसून की बारिश के कारण पूर्वोत्तर राज्यों में भारी तबाही रही। बाढ़ की स्थिति रही। हालांकि अब हालात थोड़े सामान्य हुए हैं।

# ठाणे में लोकल से यात्री गिरे-4 की मौत, 13 घायल

**2 ट्रेनें नजदीक से गुजरीं, गेट पर लटक रहे यात्री बैग टकराने से गिर गए**

**ठाणे।** मुंबई के मुंब्रा रेलवे स्टेशन के नजदीक सोमवार सुबह चलती लोकल ट्रेनों से 10 यात्री नीचे गिर गए। इनमें से 4 की मौत हो गई, जबकि 13 घायल हो गए। मरने वालों में जीआरपी कॉन्स्टेबल भी शामिल है। ये सभी ट्रेन के गेट पर खड़े थे। घटना सुबह 9: 30 बजे मुंब्रा के आगे दिवा और कोपर रेलवे स्टेशनों के बीच हुई।

ऑफिस टाइम होने के कारण ट्रेन में भीड़ ज्यादा थी, जिससे यह हादसा हुआ। रेलवे के मुताबिक संभवत: ये यात्री ट्रेनों के फुटबोर्ड से लटके हुए थे। विपरीत दिशा में ट्रेनों के नजदीक से गुजरने के समय उनके बैग एक-दूसरे



से टकरा गए। पहले खबर आई थी कि हादसा लखनऊ जाने वाली पुष्पक एक्सप्रेस के यात्रियों के साथ हुआ है। यह ट्रेन मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) से सुबह करीब 8.30 बजे रवाना हुई थी और घटनास्थल से हादसे के कुछ वक्त बाद गुजरी थी।

### रेलवे ने कहा- यात्रियों के बैग उलझ गए थे

मुंब्रा रेलवे हादसे पर सेंट्रल रेलवे के सीपीआरओ स्वप्निल धनराज नीला ने बताया, यह हादसा मुंब्रा और दिवा स्टेशनों के बीच डाउन/फास्ट लाइन पर हुआ।

कसारा से आ रही लोकल ट्रेन और सीएसएमटी की तरफ जा रही एक दूसरी ट्रेन के गेट पर खड़े यात्रियों के बैग टकरा गए।

मरने वालों की पहचान केतन सरोज, राहुल गुप्ता, मयूर शाह और ठाणे सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) के कॉन्स्टेबल विक्की मुखियाद के रूप में हुई है। कसारा की ओर जा रही ट्रेन के गार्ड ने रेलवे अधिकारियों को घटना की जानकारी दी थी।

रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने कहा कि महाराष्ट्र में हुई त्रासदी के बाद मंत्रालय ने मुंबई सबअर्बन एरिया के लिए बनाई जा रही सभी लोकल ट्रेनों में ऑटोमैटिक दरवाजा बंद करने की सुविधा देने का फैसला किया है।

कुमार ने कहा कि वर्तमान में चल रहे सभी कोच को फिर से डिजाइन किया जाएगा और मुंबई सबअर्बन एरिया की इन ट्रेनों में दरवाजा बंद करने की सुविधा प्रदान की जाएगी।

# मोदी सरकार के 11 साल में न जवाबदेही और न बदलाव, सिर्फ प्रचार : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को एक बार फिर केंद्र की एनडीए सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 साल में कोई जवाबदेही नहीं, बल्कि सिर्फ प्रचार हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र वर्तमान के बारे में बात करना छोड़ अब 2047 के सपने बेच रहा है। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में भीड़भाड़ वाली लोकल ट्रेन से गिरकर 4 यात्रियों की मौत और 6 के घायल होने की घटना के बाद राहुल गांधी ने सरकार पर यह हमला किया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने



एक्स पर कहा, 'जब मोदी सरकार 11 साल की सेवा का जश्न मना रही है, तब देश की हकीकत मुंबई से आ रही दर्दनाक खबर में दिखती है- ट्रेन से गिरकर कई लोगों की मौत।'राहुल गांधी ने कहा कि भारतीय रेल करोड़ों की जिंदगी की रीढ़ है, लेकिन आज यह असुरक्षा, भीड़ और अव्यवस्था की प्रतीक बन चुकी है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, 'मोदी सरकार के 11 साल में न जवाबदेही, न बदलाव, सिर्फ प्रचार हुआ है। सरकार 2025 पर बात करना छोड़, अब 2047 के सपने बेच रही है।' उन्होंने कहा कि देश आज क्या झेल रहा है, ये कौन देखेगा ? मैं मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

# हरियाणा में ब्रेक वायर से घोंटा बेटा-बेटी का गला

**हत्यारा बाप एक महीने से कर रहा था प्लानिंग, धमकी से डरकर दादा-दादी ने घर छोड़ा**

**भिवानी।** हरियाणा में भिवानी के धनाना गांव में हुए बेटे और बेटी की हत्या के मामले में खुलासा हुआ है। 8 मई को पत्नी सरोज की मौत के बाद सुभाष ने बच्चों की हत्या और खुद को मारने की योजना बनानी शुरू कर दी थी। वह एक-एक, दो-दो करके नींद की गोलियां इकट्ठी कर रहा था। उसने जहर की गोलियां भी खरीद ली थीं।

इसके लिए उसने पत्नी की मौत वाली तारीख ही चुनी। 8 जून को उसने सुबह दोनों बच्चों को मैंगो शेक में नींद की गोलियां दीं। बच्चे तुरंत बेसुध नहीं




हुए। इसके बाद वह साइकिल उठाकर पंचर की दुकान पर चला गया। वहां से लौटते वक्त वह ब्रेक की तार उठा लाया। घर आया तो बेटी आरुषि सो चुकी थी, जबकि बेटा बसंत जागता मिला। इस पर उसने बेटे को सोने के लिए कहा। पिता के कहने पर बेटा भी सो गया। इसके बाद सुभाष ने ब्रेक वाले तार से पहले उनके गले घोंट दिए। तार खुल न जाए या दोनों बच्चे जिंदा न बच जाएं, इसके लिए चाबी और पाना तार में कस कर बांध दिया। फिर खुद भी जहर की गोलियां खा लीं। सुभाष की हालत भी गंभीर है। उसका रोहतक पीजीआई में इलाज चल रहा है। वह इस पूरी वारदात के लिए अपनी मां मेवा देवी और पिता आजाद सिंह को ही जिम्मेदार बता रहा है।

# देश में तेजी से बढ़ रहे कोरोना के केस, संख्या 6400 के पार

**कोविड के नए मामलों में से कुछ संक्रमण नए उभरते वैरिएंट के भी हैं**

नई दिल्ली। देश में कोविड-19 के मामलों में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। कई राज्यों में कोरोना के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में कोरोना केस की संख्या 6,400 के पार पहुंच गई है।

वहीं, इस बीच एक नई जानकारी सामने आई है। कोविड के नए मामलों



में से कुछ संक्रमण नए उभरते वैरिएंट के भी हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार पूरे देश में कुल 6,491 सक्रिय मामले दर्ज किए गए हैं।

समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, देश का केरल राज्य कोरोना के मामलों में सबसे आगे है। राज्य में पिछले 24 घंटों में सात नए मामले सामने आए हैं। केरल में कुल 1,957 कोरोना के मामले दर्ज किए गए हैं।

इन सब के बीच भारतीय SARS-CoV-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम ने कथित तौर पर कहा कि देश में सक्रिय मामलों में 160 से अधिक मामले नए एक्सएफजी वैरिएंट के हैं। देश में कुल 163 नमूनों में एक्सएफजी वैरिएंट के लिए सकारात्मक परीक्षण किया गया। इस वैरिएंट के 89 मामले महाराष्ट्र में पाए गए। वहीं, इसके बाद तमिलनाडु (16), केरल (15) और गुजरात (11) मामले इस नए वैरिएंट के मिले।

### 6,400 के पार मामले

देश में कोरोना संक्रमण के कुल 6,491 सक्रिय मामले हैं। कोरोना के सबसे सक्रिय मामले केरल में हैं। इसके बाद महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और हरियाणा में सक्रिय मामलों की संख्या अधिक है। गत 24 घंटों में कोरोना के कारण किसी की मौत नहीं हुई है। वहीं, देश में 1 जनवरी 2025 से अब तक कुल 65 मौतें कोरोना के कारण हुई हैं।

# गोवा- सीएमओ बोले, अस्पताल में माफी मांगें स्वास्थ्य मंत्री

**स्टूडियो में बैठकर माफी स्वीकार नहीं; मंत्री ने सीनियर डॉक्टर को सबके सामने डांटा था**

**पणजी।** गोवा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रुद्रेश कुट्टीकर ने गोवा के स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे की माफी को खारिज कर दिया है।

डॉ. कुट्टीकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि राणे की माफी महज एक स्टूडियो माफी है और इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने मांग की है कि मंत्री उसी अस्पताल वार्ड में आकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगें, जहां उन्हें अपमानित किया गया था।

इससे पहले मंत्री विश्वजीत राणे ने



सोमवार को बदसलूकी के मामले में सीएमओ से माफी मांगी थी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि मैंने हीट ऑफ द मूमेंट में जिस तरह से स्थिति को हैंडल किया, उसका मुझे बहुत दुख है।

वहीं, जीएमसीएच के डॉक्टरों ने हड़ताल जारी रखने का फैसला किया है। डॉक्टरों का कहना है कि जब तक मंत्री सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते, चिकित्सा सेवाएं बंद रहेगी।

## मणिपुर हिंसा

**चुराचांदपुर और इंफाल में जरूरी चीजों के दाम बढ़े; 5 जिलों में इंटरनेट बंद**

# मणिपुर हिंसा- नेशनल हाईवे बंद, दवाएं तक नहीं मिल रहीं

चुराचांदपुर/इंफाल। मणिपुर में हिंसा के बाद हाईवे ब्लॉकेज और ट्रांसपोर्ट रूट्स प्रभावित होने से आम लोगों को महंगाई का सामना कर पड़ रहा है। खास तौर पर चुराचांदपुर और राजधानी इंफाल में खाने-पीने की चीजें और दवाइयों की भारी कमी हो गई है।

जरूरी सामानों के दाम बढ़ गए हैं। हिंसा प्रभावित कई इलाकों में दवाइयां तक नहीं मिल रही हैं। एक स्थानीय निवासी ने बताया- अब सारी चीजें मिजोरम के रास्ते आ रही हैं, इसलिए महंगी हो गई हैं। पहले जैसी स्थिति नहीं रही है। चुराचांदपुर कुकी समुदाय का गढ़ माना जाता है। यह नेशनल 2



और 37 पर निर्भर है, जो असम और नगालैंड को मणिपुर से जोड़ते हैं। अब ये रास्ते बंद हैं, जिससे ट्रकों को लंबा रास्ता मिजोरम से होकर लेना पड़ रहा है। इससे ट्रांसपोर्ट कॉस्ट बढ़ रही है।

3 मई 2023 को कुकी-मैतेई समुदाय के बीच संघर्ष शुरू हुआ था, जो अब तक जारी है। इस दौरान 300 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। 1500 से ज्यादा घायल हुए। 70 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हैं। 6 हजार से ज्यादा एफआईआर दर्ज हुई हैं।

### मैतेई नेता की गिरफ्तारी के बाद 7 जून की रात हिंसा हुई

मणिपुर में मैतेई संगठन अरम्बाई टेंगोल के नेता कानन सिंह की गिरफ्तारी की खबर के बाद 7 जून की रात मणिपुर में हिंसा भड़क गई। राजधानी इंफाल के कई इलाकों में प्रदर्शनकारियों ने गाड़ियों में आग लगा दी, सड़कों पर टायर और पुराने फर्नीचर भी जलाए।

इंफाल के अलग-अलग इलाकों में प्रदर्शन कर रहे लोगों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। प्रदर्शनकारियों ने पेट्रोल डालकर खुद को जलाने की भी कोशिश की। हालांकि रविवार को सीबीआई ने कानन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उन पर 2023 में हिंसा भड़काने के आरोप है।

### इंफाल समेत 5 जिलों में इंटरनेट बंद, 2 में कर्फ्यू लगा

हिंसा-प्रदर्शन के बाद प्रशासन ने 7 जून की रात 11: 45 बजे से पांच दिनों के लिए 5 जिलों में इंटरनेट और मोबाइल डेटा सर्विस सस्पेंड कर दी है। इनमें इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर शामिल हैं। इंफाल ईस्ट और बिष्णुपुर में कर्फ्यू भी लगाया गया है।

## हैप्पी मॉर्निंग

मरीज- डॉक्टर साहब, क्या आपको यकीन है कि मुझे मलेरिया ही है?
डॉक्टर- क्यों? असल में मैंने कहीं पढ़ा था कि एक मरीज का मलेरिया का इलाज चल रहा था और जब मर गया तो पता चला की उसे टाइफाइड था
डॉक्टर- परेशान मत हो, हमारे अस्पताल में यहां ऐसा नहीं होता है हम अगर किसी का मलेरिया का इलाज करते हैं तो वह मलेरिया से ही मरता है...

## शायरी

जनम जात मत पूछिए, का जात अरु पात।
रैदास पूत सब प्रभु के, कोए नहिं जात कुजात।।

## अर्थसार

संसेक्स:
82,445.21
+256.22 (0.31%)
निफ्टी:
25,103.20
+100.15

## मौसम

अधिकतम : 40 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से0
सूर्योदय बुधवार : 5 : 28
सूर्यास्त मंगलवार : 7 : 19

# संपादकीय

## 'आतंकवादी फंडिंग : सरकार की असफल रणनीति और बढ़ता खतरा'



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

जब बम फटता है, तो सिर्फ आवाज नहीं गूंजती—एक देश की नीतियों की विफलता भी गूंजती है। जब गोलियां चलती हैं, तो सवाल भी उठते हैं—हमने इन हथियारों को वित्त किसने किया ? और जब जवान शहीद होते हैं, तो एक पूरा राष्ट्र आंखों में आँसू और दिल में सवाल लेकर खड़ा होता है—क्या सरकार आतंकवाद की जड़, आर्थिक तंत्र को काट पाने में सक्षम है ? भारत सरकार ने टरडा, पोटा से लेकर एनआईए तक तमाम संस्थाएं खड़ी कीं, लेकिन हकीकत यह है कि आतंकवादी फंडिंग अब भी बेरोकटोक जारी है। पुलवामा जैसा हमला हो या हाल का पहलगाम हमला—क्या यह सब यूं ही संभव है, बिना संगठित धन और संसाधनों के ?

### पैसे के रास्ते, और सरकार की चुप्पी

आतंकवादियों का खजाना हवाला, ड्रग्स तस्करी, नकली एनजीओ, क्रिप्टो और विदेशी फंडिंग से भरता है। वे डार्क वेब से हथियार मंगाते हैं, और सोशल मीडिया से भर्ती करते हैं। लेकिन हमारी एजेंसियां अक्सर कागज़ों और कानूनी जाल में उलझी रहती हैं। एनआईए, ईडी, सीबीआई और पुलिस—इनके बीच सूचनाओं का आदान-प्रदान अक्सर एक भ्रष्ट और ढीले तंत्र की भेंट चढ़ जाता है।

हमारा तंत्र तकनीकी रूप से पिछड़ा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स का उपयोग दुनिया कर रही है, लेकिन भारत अभी भी 'पेपर ट्रेल' ढूंढ़ने में लगा है। और विदेशी सहयोग ? वहां तो हमारी आवाज कई बार या तो सुनी नहीं जाती या कमजोर पड़ जाती है।

### ड्रग्स तस्करी : आतंक का आर्थिक इंजन

सीमा पार से घुसपैठ के साथ जो 'पैकेट' आते हैं, वे सिर्फ हथियार नहीं होते—वे धन होते हैं। ड्रग्स की तस्करी और हवाला नेटवर्क एक गहरी जड़ है, जिसे काटने की बजाय सरकार महज़ उखाड़ने की कोशिश में लगी है। सीमाओं पर बीएसएफ हो, या ड्रोन की निगरानी—यह सब तब तक अधूरा है, जब तक प्रशासनिक भ्रष्टाचार को खत्म नहीं किया जाए।

### भ्रष्टाचार : सबसे बड़ा आंतरिक दुश्मन

कई बार आतंकवादियों को रोकने वाला ही उनका सहयोगी निकलता है। स्थानीय स्तर पर पुलिस, अफसरशाही और राजनीतिक संरक्षण के चलते आतंक की फंडिंग करने वाले एनजीओ और संस्थान खुलेआम फलते-फूलते हैं। धर्मार्थ संस्थाओं की आड़ में धर्म का नहीं, डर का विस्तार किया जा रहा है।

### समाधान सिर्फ कानून नहीं, नीयत भी चाहिए

सरकार को दिखावे से ऊपर उठकर ठोस कार्य करने होंगे।

- एकीकृत खुफिया तंत्र की स्थापना हो, जिसमें रीयल टाइम डाटा शेयरिंग हो।
- क्रिप्टोकरेंसी और डिजिटल लेन-देन पर सख्त निगरानी और नियमन किया जाए।
- एनजीओ और चैरिटेबल संस्थाओं के खातों का पारदर्शी ऑडिट अनिवार्य हो।
- और सबसे अहम, जन-जागरण अभियान चलाकर जनता को इस खतरे के प्रति सतर्क किया जाए।

### निष्कर्ष : अब और देर नहीं

आतंक की गोलियों से देश तब नहीं डरता, जब जवान सीमा पर खड़े हों—देश तब डरता है, जब सरकारें नीति के मोर्चे पर हथियार डाल दें। आतंकवादी फंडिंग पर लगाम लगाने के लिए सरकार को अब सिर्फ 'वक्तव्य' नहीं, कार्यवाही करनी होगी। क्योंकि एक बम सिर्फ शरीर को नहीं, भरोसे को भी घायल करता है।

अगर हम वाकई में 'नया भारत' चाहते हैं, तो हमें सबसे पहले उस धन के स्रोत को खत्म करना होगा, जो पुराना आतंक पैदा करता है। वरना हम हर बार हमलों के बाद मोमबत्तियाँ जलाते रहेंगे, और आतंकी बैंक खाते भरते रहेंगे।

**सवाल ज़िंदा है**
**क्या भारत सरकार आतंकवाद के आर्थिक नेटवर्क को खत्म करने की ताकत और ईमानदारी रखती है ?**

## उत्तर प्रदेश में अपराध पर काबू पाने के दावे में देखी जा रही है हड़बड़ी

किसी आपराधिक मामले की जांच को लेकर हर स्तर पर पुष्टि और सावधानी के साथ मामले का विश्लेषण न किया जाए तो उसके नतीजों का अंदाजा लगाया जा सकता है।

पिछले कुछ वर्षों से उत्तर प्रदेश में अपराध रोकने के लिए हर स्तर पर चौकसी बरतने और अपराधियों पर नकेल कसने का दावा किया जा रहा है। इस क्रम में कई बार इतनी तेजी देखी गई कि मामले की ठीक से पड़ताल करने में पर्याप्त गंभीरता नहीं बरती गई। गौरतलब है कि बरेली में एक व्यक्ति को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था और उसे तीन वर्ष तक जेल में बंद रहना पड़ा। मगर विचित्र है कि जेल में बंद रहे शख्स पर जिस व्यक्ति की हत्या का आरोप था, वह जिंदा है।

ट्रेन में विवाद के बाद हत्या के आरोप के बाद एक शव पाया गया था और मृतक के परिजनों की पहचान के आधार पर ही आरोपी की गिरफ्तारी हुई थी। इस मामले का भी खुलासा नहीं होता, अगर जिंदा पाए गए व्यक्ति के परिजनों ने उसका वीडियो सोशल मीडिया पर जारी न किया होता। इसके बाद ही कथित हत्या के आरोप में बंद व्यक्ति की रिहाई हो सकी।

किसी आपराधिक मामले की जांच को लेकर हर स्तर पर पुष्टि और सावधानी के साथ मामले का विश्लेषण न किया जाए तो उसके नतीजों का अंदाजा लगाया जा सकता है।

सवाल है कि घटना की छानबीन या पड़ताल के क्रम में क्या कोई ऐसा तरीका अपनाया गया या गवाहों के दावे की जांच में कोई कोताही बरती गई, जिसकी वजह से नाहक ही किसी को तीन वर्ष जेल में काटना पड़ा। ऐसा लगता है कि हत्या जैसे जघन्य अपराध के मामले में जांच के क्रम में जिस अतिरिक्त सावधानी की जरूरत होती है, उसमें कहीं न कहीं लापरवाही बरती गई।

खुद सरेंडर करने पहुंची सोनमज मेघालया हनीमून मर्डर केस में बड़ा ट्विस्ट, पत्नी ही निकली कातिल, ऐसे कराई पति की हत्या

राजा नहीं राज की दीवानी थी सोनम ! ऑफिस में काम करने वाले शख्स से अफेयर, साथ मिलकर हत्या करने का आरोप

इस घटना में एक प्रश्न अब भी अनुत्तरित है कि जो शव ट्रेन की पटरियों के पास पाया गया था, वह किसका था और उसकी मौत कैसे हुई थी। दरअसल, उत्तर प्रदेश में अपराध पर काबू पाने के दावे में कई बार जैसी हड़बड़ी देखी जा रही है, उसमें इस तरह की लापरवाही सामान्य लगती है। यह छिपा नहीं है कि एक ओर सरकार अपराध और अपराधियों को खत्म करने का दावा कर रही है, दूसरी ओर आपराधिक घटनाएं बेलगाम बढ़ती दिख रही हैं।

# मीडिया की विश्वसनीयता पर उठते सवाल

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**




आकाशवाणी का यह वह जमाना था जब टेलीप्रिंटर और टेलीफोन ही प्रमुख माध्यम होते थे। सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय से समाचारों की डाक आती थी वहीं प्रादेशिक समाचारों में समूचे प्रदेष के प्रमुख समाचारों का समावेश महत्वपूर्ण होता था।

मीडिया की विश्वसनीयता पर उठते सवालों के बीच आकाशवाणी और बाद में दूरदर्शन के शुरुआती वे दिन बरवस याद आ जाते हैं जब आकाशवाणी के नेशनल और प्रादेशिक समाचारों के प्रति आमजन के विश्वास को इसी से समझा जा सकता है कि चौराहों की चाय-पान की दुकानों पर खड़े होकर भी समाचार सुनने में किसीको कोई संकोच ना होकर गर्व महसूस होता था। आकाशवाणी के नेशनल समाचारों की बात हो तो सुबह 8 बजे और रात: पौने नो बजे के समाचार बुलेटिनों की बेसब्री से प्रतीक्षा होती थी तो प्रात:कालीन प्रादेशिक समाचार के साथ ही खासतौर से सायंकालीन सात बजे के प्रादेशिक समाचार को कोई भी प्रदेषवासी मिस नहीं करना चाहता था। आकाशवाणी और दूरदर्शन का यह स्वर्णकाल इस मायने में कहा जा सकता है कि सरकारी नियंत्रण में होने के बावजूद आमआदमी तो क्या पक्ष और विपक्ष के नेतागण भी समाचारों की विश्वसनीयता पर प्रष्न नहीं उठा पाते थे। होता तो यहां तक था कि आकाशवाणी के कार्यक्रमों से लोग अपनी घड़ियों को मिलाया करते थे। विश्वसनीयता का यह कोई आसान काम नहीं था पर उस समय के दिग्गज मीडियाकर्मियों ने अपनी मेहनत, लगन और निष्पक्षता से सींचने का काम किया और उसका परिणाम यह रहा कि उस समय के मीडिया दिग्गजों को समूचे समाज में चाहे वह राजनीतिक स्तर हो, ब्यूरोक्रेटिक स्तर हो या फिर आमजन सभी जगह सम्मान से देखा जाता था। यदि प्रादेशिक स्तर की बात की जाए तो आकाशवाणी जयपुर अजमेर के समाचार संपादक और बादमें दूरदर्शन जयपुर केन्द्र के समाचार एकांश के निदेशक मोहनराज सिंघवी जिन्हे मीडिया जगत में एमआर सिंघवी के नाम से जाना जाता रहा है की मेहनत, निष्पक्षता और मीडिया की स्वतंत्रता की पक्षधरता का ही परिणाम रहा कि मीडिया जगत में एमआर सिंघवी एक ब्राण्ड के नाम से पहचान बनाने में कामयाब रहे। पक्ष-विपक्ष के सभी नेता, समाज के सभी वर्गों के प्रतिनिधियों सहित आमजन में जिस तरह की छवि एमआर सिंघवी की बनी वह आजके मीडिया कर्मियों के लिए ईर्च्छा का कारण बन सकती है तो प्रेरणास्पद भी है। बात में इतना दम की क्या तो मुख्यमंत्री से लेकर मंत्रीमण्डल के सदस्यगण और क्या ब्यूरोक्रेसी के कर्ताधर्ता एमआर सिंघवी की बात को कमतर समझने की भूल भी नहीं कर सकते थे।

यह आज के समय में अविश्वसनीय कल्पना ही हो सकती है कि 90 के दशक में एमआर सिंघवी के आकाशवाणी जयपुर पिंकसिटी पेट्रोलपंप के पास स्थित आवास पर मिलनेवाले जरुरतमंद लोगों का जमावड़ा इस तरह से लगा रहता था जैसे किसी राजनेता के निवास पर लगा होता था। पीड़ित व्यक्ति के लिए एमआर सिंघवी एक सहारा रहे हैं। इसका कारण भी यह रहा कि यदि काम जायज है और हितकारक है तो सिंघवी जी आने वाले व्यक्ति के सामने ही संबंधित मंत्री से लेकर अधिकारी को फोन करने में किसी तरह का संकोच नहीं करते थे और आने वाले व्यक्ति की आंखें एहसान से बोझिल हो जाती तो काम भी आसानी से हो जाता था। खासबात यह कि बिना जानपहचान भी कोई अपने दुखदर्द को लेकर पहुंच जाता था तो सहयोग करने में कोई कोरकसर नहीं छोड़ते। मैं स्वयं इसका उदाहरण हूं। किसी दिन आकाशवाणी के अनुबंध पर समाचार अनुभाग के लिए लिखित परीक्षा हुई और एक दिन एकाएक घर पर आकाशवाणी से अनुबंध का पत्र आ गया। डिप्लोमा भले ही पत्रकारिता में कर लिया हो पर अनुभव के मामलें में शून्य होने के बावजूद जिस तरह से सिंघवी जी ने मेरे जैसे को तराशा उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। मजे की बात यह कि एमआर सिंघवी पोलियों से ग्रसित होने के कारण चलने फिरने में असुविधा के बावजूद किसी के भी सहयोग के लिए उनके साथ जाने को तैयार हो जाते। विकलांगों के लिए उन्होंने संघर्ष करने के साथ ही स्थानीय से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के खेलों का आयोजन, संयोजन व प्रोत्साहन दिया। देवेन्द्र झाझड़िया तो एक उदाहरण मात्र है जिन्हें विश्वपटल पर पहचान सिंघवी जी की प्रेरणा-प्रोत्साहन और सहयोग से ही संभव हो सका।

आकाशवाणी का यह वह जमाना था जब टेलीप्रिंटर और टेलीफोन ही प्रमुख माध्यम होते थे। सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय से समाचारों की डाक आती थी वहीं प्रादेशिक समाचारों में समूचे प्रदेष के प्रमुख समाचारों का समावेश महत्वपूर्ण होता था। ऐसे में लगभग प्रतिदिन समाचार संपादक होने के बावजूद बिना किसी संकोच के फोन से समाचार लेने व स्वयं लिखने तक में संकोच नहीं करने के कारण ही मीडिया जगत में पहचान और विश्वसनीयता बनी।

बुलेटिन में खबरों के चयन से लेकर प्रसारण तक तनावरहित वातावरण में काम करना और नए लोगों को प्रोत्साहित करना यही तो सिंघवी जी की पहचान रही। हिम्मत यह कि जयपुर दूरदर्शन निदेशक समाचार रहते हुए तत्कालीन केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री स्व. गिरिजा व्यास के जयपुर में एक ब्यूटीपार्लर के उद्घाटन के समाचार प्रसारित करने के दबाव के बावजूद मीडिया मानदंडों के विरुद्ध बताते हुए प्रसारित नहीं करना सिंघवी जैसे बिड़ला ही कर सकते हैं। इसी तरह से तत्कालीन मुख्यमंत्री जगन्नाथ पहाडिया के पिताजी के देहावसन के समाचार प्रसारण के लिए लाख दबाव के बावजूद विनम्रता से नीति विरुद्ध जाकर समाचार प्रसारित नहीं करने का निर्णय कोई सिंघवी जैसा ही ले सकता है। आज तो केन्द्रीय मंत्री वो भी स्वयं का माईबाप यानी कि स्वयं के विभाग का हो तो उसकी खबर तो क्या आगे पीछे सेवा सुश्रुषा में ही लगे रहने में गर्व महसूस करते हैं। इसीलिए कहा जाता है कि एमआर सिंघवी कोई ऐसे ही नहीं बनता, कोई ऐसे ही राजनेताओं, पक्ष विपक्ष के छोटे से लेकर बड़े नेताओं, ब्यूरोक्रेट्स सभी के लिए सम्मानजनक अपनी कार्यशैली, निष्पक्षता, निष्ठा और मेहनत से ही बना पाता है। प्रदेश का संभवत: कोई छोटा-बड़ा नेता या अधिकारी ऐसा नहीं होगा जो एमआर सिंघवी के नाम, पहचान और उनकी कार्यशैली का कायल नहीं होगा। इतने विस्तृत केनवास पर पहचान और विश्वसनीयता कोई ऐसे नहीं बन जाती बल्कि यह ईमानदारी, निस्वार्थता और सहायता और सहयोग की भावना के कारण ही हो पाता है।


यही सिंघवी जी की पूंजी मानी जा सकती है। समाचार में समाचारत्व है तो उसे बिना किसी पक्षपात के स्थान मिलता वहीं तत्कालीन राज्यपाल जोगेन्द्र सिंह द्वारा रिकार्ड वाइस ओवर प्रसारित कराने के दबाव के बावजूद स्तरीय नहीं होने से प्रसारित नहीं करने का साहस कोई एमआर सिंघवी ही कर सकता है।

यह सब इसलिए कि आज मीडिया की विश्वसनीयता सवालों के घेरे में खड़ी हो गई है। खासतौर से इलेक्ट्रोनिक चैनलों की विश्वसनीयता पूरी तरह से दाव पर लग चुकी है। चैनलों पर बेसिरफेर की चर्चा और आरोप-प्रत्यारोप का मंच बनना आज आम हो गया है। रही सही कसर सोशियल मीडिया ने कर दी है जहां अपलोड सामग्री भ्रम पैदा करने का काम करने के साथ ही उसकी विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़ी कर देती है यही कारण है कि चैनलों पर समाचार प्रसारित होते समय वीडियो की विश्वसनीयता पर स्वयं चैनल द्वारा सवाल खड़े किया जाना आम है। होना तो यह चाहिए कि जब तक समाचार संपादक स्वयं संतुष्ट नहीं हो जाए तब तक केवल टीआरपी के चक्कर में ऐसे समाचार व वीडियो को प्रसारित ही नहीं करना चाहिएं। क्योंकि यह सवाल दर्शकों के विश्वास को बनाए रखने का हो जाता है। एक समय था जब कोई भी बड़ी घटना हो जाती थी तो लोग आकाशवाणी के आगामी समाचार बुलेटिन पर कान लगाकर पुष्टि होने पर ही विश्वास करते थे। आज अपुष्ट समाचार आम होते जा रहे हैं।

आकाशवाणी के पुराने दिनों और एमआर सिंघवी जैसे व्यक्तित्व व संपादकों के बहाने आज मीडिया की विश्वसनीयता का वहीं पुराना युग देखने का प्रयास किया जाना चाहिए। प्रसारित समाचार की विश्वसनीयता पर कोई सवाल उठता है तो फिर यह मीडिया के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होना चाहिए। मीडिया जगत को आज एमआर सिंघवी जैसे मीडिया दिग्गज की आवश्यकता महसूस हो रही है ताकि मीडिया चाहे इलेक्ट्रोनिक हो या प्रिंट उस पर प्रसारित या प्रकाशित समाचार को वेदवाक्य की तरह विश्वसनीय माना जाए। बदलते हालात में आज यह आवश्यकता अधिक हो गई है क्योंकि समाज आज भ्रमित अधिक हो रहा है तो मीडिया और सोशियल मीडिया ने विश्वसनीयता को ही प्रष्नों के घेरे में खड़ा कर दिया है। समाचार पर प्रश्न उठने की कोई संभावना ही नहीं होनी चाहिए।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3556




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

### काकुरो - 3555 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

एक प्रेमी ने सोचा कि प्रेमिका से विवाह का प्रस्ताव नए अंदाज में किया जाए।

एक दिन प्रेमिका से मुलाकात होने पर उसने कहा- प्रिये! मैं स्वयं को तुम्हें भेंट करना चाहता हूँ।

प्रेमिका ने बुरा सा मुँह बनाकर कहा- मुझे घटिया तोहफे लेने की आदत नहीं हैं।

□ □ □

वकील ने खूबसूरत युवती से पूछा- परसों रात तुम कहाँ थी?

युवती- अपने पड़ोसी के साथ रेस्त्राँ गई थी।

वकील ने दूसरा सवाल पूछा- और कल रात?

युवती- मेरे एक दूसरे पड़ोसी के साथ।

वकील ने धीरे से पूछा- और आज का तुम्हारा क्या कार्यक्रम है?

दूसरा वकील चिल्लाया- ऑब्जेक्शन मी लॉर्ड! यह सवाल मैंने पहले ही कर लिया है।

□ □ □

पति, पत्नी से- कल रात मैंने एक बहुत बुरा सपना देखा। मैंने देखा कि मैं सुंदर लड़कियों के झुँड में मौजूद हूँ।

पत्नी- तो यह सपना बुरा कैसे हुआ?

पति बोला- क्योंकि सपने में मैं खुद भी तो एक लड़की ही था।

## फिल्म वर्ग पहेली - 3556



**बायें से दायें:-**

१. 'अंग्रेजी में कहते हैं' गीत वाली अमिताभ, परवीन की फिल्म-३
३. कुमार गौरव, पूनम की 'माँग लूंगा तुझे' गीत वाली फिल्म-३
५. 'शीशा हो या दिल हो' गीत और नायिका रीना राय वाली फिल्म-२
७. अक्षय, करीना की 'यार बदल ना जाना' गीत वाली फिल्म-३
९. सुनीलदत्त, किशोरकुमार के 'सामने वाली खिड़की में' रहती है-४
१०. करिश्मा, मनीषा की 'रंग दी रंग दी' गीत वाली फिल्म-४
११. नवीन निश्चल, रेखा की 'राज की बात कह' कव्वाली वाली फिल्म-२
१५. 'जिस दिल में बसा था' गीत वाली प्रदीपकुमार की फिल्म-३
१७. सुनील शेट्टी, नम्रता की 'जीना तेरी बाहों में' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'घायल घायल तूने मुझे' गीत वाली मिथुन, श्रीदेवी की फिल्म-२
२१. सुनीलदत्त, माला की 'चलो एक बार फिर से' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'गाये जा गीत मिलन के' गीत वाली दिलीप, नर्गिस की फिल्म-२
२५. संजयदत्त, माधुरी की 'टपका रे टपका' गीत वाली फिल्म-४
२९. 'मैं दुनिया भुला दुंगा' गीत वाली राहुल राय, अनु की फिल्म-३
३०. मिथुन चक्रवर्ती, टीना मुनीम की १९८४ की एक फिल्म-३
३१. 'बाराना दे बाराना' गीत वाली अक्षयकुमार, शिल्पा की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'हाय रे हाय रे' गीत वाली नई फिल्म-२
२. जोहराबाई अंबाले के गीत 'अंखियां मिलाके जिया' गीत वाली फिल्म-३
३. फिल्म 'अनोखी रात' के संगीतकार-३
४. अरविंद स्वामी, प्रभुदेवा, काजोल की १९९७ की एक फिल्म-३
५. 'नींद कभी रहती थी' गीत वाली फिल्म-३
६. अमिताभ बच्चन, शशि कपूर, शत्रु, राखी, परवीन, बिंदिया की अभिनीत फिल्म-२
८. 'मेरे अँगने में तुम्हारा' गीत वाली फिल्म-४
१०. फिरोजखान, हेमा, रेखा की फिल्म-३
१२. 'माई हार्ट इज बीटिंग' गीत वाली विक्रम, लक्ष्मी की फिल्म-२
१३. किशोर कुमार, मधुबाला की 'कोई हमदम ना रहा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'गोरे गोरे मुखड़े पे काला काला चश्मा' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'शरीफ बदमाश' में नायिका कौन थी-२
१८. 'तुम रूठ के मत' गीत वाली फिल्म-३
१९. अमिताभ, जया की 'जहाँ चार यार' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'आँखों से तूने ये क्या' गीत वाली फिल्म-३
२३. अमिताभ की 'अरे दीवानों मुझे पहचानो' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'गोरी तेरा नखरा' गीत वाली बॉबी, करिश्मा की फिल्म-३
२६. नायक-निर्माता-निर्देशक अकबर खान, रंजीता, स्मिता की फिल्म-३
२७. अनिल, अक्षय, ऐश्वर्या की सुभाष घई निर्देशित फिल्म-२
२८. 'जाने क्या होगा रामा रे' गीत वाली बहु सितारा फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 3555



## सूडोकु -3556

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3555 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## शब्द पहेली - 3556



**बाएँ से दाएँ**

1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

### शब्द पहेली - 3555 का हल



बिलकुल, नीचे प्रस्तुत है एक तीखा, विश्लेषणात्मक और सत्ता व सिस्टम को लपेटने वाला कड़क लेख — जिसमें ESCON Infra और यूपी रेरा की भूमिका को शाजिश के रूप में उजागर किया गया है। यह लेख अख़बार, पोर्टल या जनपाठकों के लिए उपयुक्त है :

# रेरा की चुप्पी और एस्कॉन का खेल : ये घोटाला नहीं, साजिश है!

जितेन्द्र चौधरी। विशेष टिप्पणी। विशाल इंडिया हिंदी

### सवाल जिंदा हैं

जब कोई बिल्डर बिना जमीन, बिना नक्शा, बिना रेरा रजिस्ट्रेशन के करोड़ों की प्रॉपर्टी बेचता है, तो वह अकेला दोषी नहीं होता। उसके साथ कहीं न कहीं पूरा सिस्टम होता है — और अगर वह सिस्टम 'रेरा' जैसा नियामक निकाय हो, तो सवाल खतरनाक हो जाते हैं।

आज जो कुछ ESCON Infra Realtor Pvt. Ltd. के मामले में हो रहा है, वह महज 'अवैध बुकिंग' या 'फर्जी विज्ञापन' का मामला नहीं है। यह एक सुनियोजित, उच्चस्तरीय और संस्थागत साजिश है — जिसमें ज़मीन पर नहीं, जनता के विश्वास पर कॉलोनी बसाई जा रही है।

### ESCON: जिस कंपनी की जमीन नहीं, नक्शा नहीं — फिर भी इंस्टाग्राम पर 'बुकिंग चालू है'

Panache Villas (Surajpur Site-C) और सेक्टर 150 नोएडा में ESCON Infra बिना किसी वैध स्वीकृति के फ्लैट बेच रहा है। Instagram पर Reels, Facebook Ads, YouTube Site Tours — सबकुछ इतना प्रोफेशनल और चमकीला कि आम आदमी को लगे जैसे यह 'डीएलएफ का नया प्रोजेक्ट' हो।

### लेकिन सच्चाई?

- रेरा में कोई रजिस्ट्रेशन नहीं
- जीएनआईडीए से नक्शा पास नहीं
- ज़मीन पर वैध स्वामित्व नहीं
- फिर भी 20.23 करोड़ से ज्यादा का लोन!

### बिना नींव की इस बिल्डिंग को कौन खड़ा कर रहा है?

### रेरा की चुप्पी — गलती नहीं, भागीदारी है?

यूपी रेरा की 29 मई 2025 की प्रेस विज्ञप्ति कहती है —
बिना रजिस्ट्रेशन वाले प्रोजेक्ट्स में निवेश न करें।

**सवाल ये है**

जब ESCON जैसे प्रोजेक्ट्स




Instagram और Facebook पर 11,000 में बुकिंग ऑफर कर रहे हैं,

### तो क्या रेरा को यह दिखाई नहीं दे रहा?

या फिर रेरा सिर्फ प्रेस विज्ञप्तियों तक सीमित हो गया है, जबकि ज़मीन पर बिल्डर जनता को लूटते रहें — तब तक 'रेरा पोर्टल पर सर्च करें' वाली सलाह देकर हाथ झाड़ लिए जाएं?

### और सबसे गंभीर बात —

जब एक पत्रकार ने रेरा को इस घोटाले की जानकारी ट्विटर पर सार्वजनिक की, तो यूपी रेरा के ट्विटर हैंडल ने उसे ब्लॉक कर दिया।

**क्या यही है पारदर्शिता? क्या यही है जवाबदेही?**

**क्या नियामक संस्था अब आलोचना से डरकर तानाशाही पर उतर आई है?**

बैंकों से मिलीभगत, सोशल मीडिया से प्रचार — लेकिन नियामक संस्थाएं चुप!

इस घोटाले की सबसे खतरनाक बात यह है कि ESCON को किसी लोकल साहूकार ने नहीं, बल्कि

- Aditya Birla
- ICICI Home Finance
- IIFL Home Finance
- HDFC Bank

जैसे संस्थानों ने करोड़ों का लोन दिया — बिना नक्शा, बिना ज़मीन, बिना रेरा रजिस्ट्रेशन।

और तब भी रेरा सोया हुआ है? या सुला दिया गया है?

शाहबेरी से बड़ा घोटाला — लेकिन इस बार 'सिस्टम ऑन कैमरा' पकड़ा गया है!

शाहबेरी में मकान गिरे, लोगों की ज़िंदगी टूटी — लेकिन किसी ने नहीं कहा कि 'रेरा दोषी है।'

### ESCON में सबकुछ डिजिटल है —

Instagram पर बुकिंग, Facebook पर सपने, और RERA की वेबसाइट पर सन्नाटा।

जब बिल्डर खुलेआम लूट रहा हो, और नियामक ब्लॉक बटन दबाकर चुप्पी साधे —
तो यह घोटाला नहीं, साजिश है।

### जनता को अब सिर्फ रेरा पोर्टल नहीं, रेरा व्यवस्था से जवाब चाहिए

- कौन लोग ESCON को संरक्षण दे रहे हैं?
- किसके कहने पर रेरा चुप है?
- कौन हैं वो बैंक अधिकारी जिन्होंने बिना वैधता के करोड़ों पास किए?
- किसका नेटवर्क सोशल मीडिया एल्गोरिद्म को भी हरा रहा है?

और सबसे बड़ा सवाल — क्या यूपी रेरा अब सिर्फ बिल्डर-प्रेमी संस्थान बन गया है?

### अब चुप रहना गुनाह है — सवाल जिंदा हैं

1. जब कंपनी की पूंजी 14 लाख थी — लोन 20 करोड़ कैसे मिला?
2. जब जमीन नहीं है — तो साईट टूर किसका हो रहा है?
3. जब जनता शिकायत कर रही है — तो रेरा ट्विटर पर ब्लॉक क्यों करता है?
4. जब प्रेस विज्ञप्ति में 'निवेश मत करो' लिखा है — तो कार्रवाई क्यों नहीं?

ESCON का नाम भले मिट जाए, लेकिन यह केस 'रेरा की भूमिका' पर कभी न मिटने वाला प्रश्नचिह्न छोड़ जाएगा।

अगर अब भी कार्रवाई नहीं होती —
तो आने वाला कल किसी भविष्य के शाहबेरी 3.0 की दस्तक देगा — और रेरा उसमें भी चुप बैठा मिलेगा।

## शार्ट न्यूज

### नोएडा में सड़क हादसे में दो की मौत

**नोएडा।** नोएडा में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक सेक्टर-63 किसी एक कंपनी में जॉब के लिए इंटरव्यू देने जा रहे थे। पीछे से ट्रैक्टर चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। बाइक ट्रैक्टर के अंदर फंस गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। वहां दोनों की मौत हो गई। परिजनों को जानकारी दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। थाना सेक्टर-63 पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लिया गया है। सड़क हादसे में कृष्ण कुमार पुत्र ब्रह्मदेव सिंह उम्र 25 वर्ष, और सुभाष पुत्र ओमप्रकाश उम्र 27 वर्ष दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों घायलों को पुलिस द्वारा नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, वहां डॉक्टर द्वारा उपरोक्त दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया गया है। वो बाइक से इंटरव्यू देने के लिए जा रहे थे। बेहलोलपुर के पास एक ट्रैक्टर ने पीछे से टक्कर मारी। जिससे बाइक डिस्बैलेंस हुई और टैक्टर के अंदर फंस गई। करीब 10 से 25 मीटर तक घिसटती रही।

### 40 करोड़ में होगा मॉडल रोड का निर्माण

**नोएडा।** उद्योग मार्ग को मॉडल रोड बनाने का काम अगले महीने से शुरू हो सकता है। काम शुरू कराने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने टेंडर के जरिए एजेंसी का चयन कर लिया है। केपीसी प्रोजेक्ट लिमिटेड एजेंसी मॉडल रोड बनाएगी। काम शुरू होने पर पूरा होने में करीब पांच महीने का समय लगेगा। उद्योग मार्ग का हिस्सा सेक्टर-1 गोलचक्कर से सेक्टर-11 झुंडपुरा तिराहे तक है। इसके निर्माण के लिए सीबीआई से भी प्राधिकरण अनुमति ले चुका है। दरअसल इस रोड पर अंडरग्राउंड केबलिंग घोटाला हुआ था। जिसकी जांच सीबीआई कर रही है। उद्योग मार्ग के दोनों तरफ औद्योगिक कंपनियां हैं। इससे मार्ग की दो सड़कें दिल्ली के क्षेत्र को जोड़ती हैं। इस सड़क की लंबाई करीब दो किलोमीटर 500 मीटर है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि पांचवी बार टेंडर जारी होने के बाद एजेंसी का चयन हो सका है। मॉडल रोड बनाने के काम पर करीब 40 करोड़ रुपए का खर्च आएगा।

### नोएडा में निवेश के नाम पर ठगे 65 लाख

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने शेयर मार्केट में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर इंजीनियर के साथ 65 लाख रुपए की ठगी कर ली। ठगी की जानकारी होने के बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने की पुलिस से की। इस मामले में तीन कथित ठगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है, पुलिस उन खातों की जांच कर रही है। ठगी की कुछ रकम को फ्रीज कराने का प्रयास पुलिस की ओर से किया गया है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-119 निवासी आशु मलिक ने बताया कि इसी साल अप्रैल माह में कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर उनसे संपर्क किया। उन्होंने शेयर मार्केट में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा दिया। 20 अप्रैल को उनको एक वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ दिया गया। के-13 स्मार्ट स्टॉक गेन्सफ्यू नाम के वॉट्सऐप ग्रुप में शिकायतकर्ता को जोड़ने वाले ठगों ने अपना परिचय जीरोधा ऐप के ब्रोकर के रूप में दिया।

### नोएडा में युवाओं के लिए रोजगार पोर्टल शुरू

**जेवर।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के निर्माण के लिए जमीन देने वाले किसानों के परिवारों को रोजगार का अवसर मिलने जा रहा है। सोमवार को एयरपोर्ट के सभागार कक्ष में एक विशेष रोजगार पोर्टल का शुभारंभ किया गया। जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह और जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से इस पोर्टल की शुरुआत की। यह पोर्टल एयरपोर्ट के प्रथम चरण में जमीन देने वाले किसानों के युवाओं के लिए बनाया गया है। प्रभावित किसानों के बच्चों को उनकी योग्यता के अनुसार स्थानीय और अन्य औद्योगिक इकाइयों में नौकरी दी जाएगी। युवाओं के कौशल विकास पर भी ध्यान दिया जाएगा। पहले चरण में शामिल गांवों के युवाओं को प्राथमिकता मिलेगी।

### किसान यूनियन की मासिक पंचायत

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा तहसील में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मासिक पंचायत आयोजित की गई। पंचायत में लायक राम ने अध्यक्षता की। मीडिया प्रभारी पंकज शर्मा हतेवा ने कार्यक्रम का संचालन किया। एनसीआर अध्यक्ष परविंदर अवाना ने कहा कि यूनियन का ध्यान तहसीलों से हटकर प्राधिकरण की ओर चला गया है। इससे तहसील के अधिकारी बेलगाम हो गए हैं। उन्होंने अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की। जिलाध्यक्ष मनोज मावी ने घोषणा की कि अब हर महीने की 9 तारीख को तहसील में यूनियन की पंचायत होगी। उप जिलाधिकारी चारुल यादव, तहसीलदार, पीडब्ल्यूडी और कल्याण समाज के अधिकारियों ने किसानों की समस्याओं पर चर्चा की। अधिकारियों ने समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया। अशोक भाटी ने कहा कि समय पर समस्याओं का समाधान नहीं होने पर तहसील में महापंचायत की जाएगी।

### दहेज के लिए पत्नी को घर से निकाला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में एक महिला ने अपने पति और ससुरालियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता पल्लवी ने दनकौर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। पल्लवी की शादी करीब 3 साल पहले हापुड़ के पिलखुवा निवासी देवेश से हुई थी। देवेश भारतीय सेना में तैनात है। पल्लवी का आरोप है कि शादी में दिए गए दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। दो महीने पहले 20 लाख रुपये दहेज की मांग पूरी नहीं करने पर उसे घर से निकाल दिया गया। पीड़िता ने हापुड़ के एसएसपी से शिकायत की थी। इस पर दोनों पक्षों में समझौता हो गया। लेकिन बाद में आरोपियों ने पीड़िता के मायके वालों के साथ मारपीट की। इस मामले में हापुड़ में केस दर्ज हुआ। 22 मई को आरोपी पक्ष के लोग पीड़िता के मायके पहुंचे। उन्होंने पल्लवी और उसकी मां को केस वापस लेने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति देवेश, ससुर करनवीर, सास रेखा, आशुतोष, भूपेंद्र और रजत समेत 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नोएडा इंटरनेशनल फिल्म सिटी का नक्शा पास

### 230 में से 80 एकड़ क्षेत्र में होगा निर्माण, 27 जुलाई को हो सकता है शिलान्यास

**नोएडा।** इंटरनेशनल फिल्म सिटी का मास्टर ले आउट प्लान को यमुना विकास प्राधिकरण ने अप्रूवल दे दिया है। पहले फेज में 80 एकड़ क्षेत्र में फिल्म स्टूडियो और विश्वविद्यालय से जुड़ी गतिविधियां ही विकसित होगी। 27 जून को इसका शिलान्यास हो सकता है।



### 230 में 80 एकड़ का नक्शा किया गया स्वीकृत

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने सेक्टर-21 में विकसित होने वाली फिल्म सिटी का मास्टर ले आउट प्लान शर्तों के साथ सोमवार को स्वीकृत कर दिया। शाम के समय फिल्म निर्माता बोनी कपूर को नक्शा सौंपा गया। बताया गया कि प्रथम फेज कुल 230 एकड़ में विकसित होना है। लेकिन अभी सिर्फ 80 एकड़ का नक्शा भी स्वीकृत किया गया है। इसमें 26 एकड़ में ग्रीन बेल्ट व 54 एकड़ में फिल्म स्टूडियो और विश्वविद्यालय समेत अन्य फिल्मों से जुड़ी गतिविधियों का विकास होगा।

### आपत्तियां लगाकर किया था वापस

पिछले महीने फिल्म निर्माता बोनी कपूर व भूटानी इंफ्रा के सीईओ आशीष भूटानी ने 230 एकड़ का नक्शा प्रस्तुत किया था। नक्शे का भू- लेआउट प्लान से मिलान किया गया। जिसमें कई कमियां मिली थी। जिसे आपत्तियों के साथ लौटा दिया गया था। नक्शे में जहां फिल्म इंस्टीट्यूट से जुड़ी गतिविधि होनी थी वहां पर वेयर हाउस और होटल थे। ग्रीन बेल्ट का क्षेत्रफल स्पष्ट नहीं था, सिर्फ सड़कों के किनारे ही ग्रीन बेल्ट दिखाई गई थी, हालांकि अब भी प्रथम चरण के तहत कुल 230 एकड़ का पूरा नक्शा स्वीकृत नहीं हो पाया है।

बता दें कि 27 फरवरी को यीडा ने 230 एकड़ की जमीन का कब्जा कंपनी को दे दिया था, ताकि पहला चरण शुरू किया जा सके। नक्शा मंजूर न होने तक शिलान्यास नहीं किया जा सकता था। लेकिन अब शिलान्यास में आने वाली सभी बाधाएं दूर हो गई है। कंपनी के साथ 27 जून 2024 को कंसेशन एग्रीमेंट साइन हुआ था। जिसके तहत एक साल में निर्माण कार्य शुरू करना था। यह समय 27 जून को पूरा हो रहा है, ऐसे में इससे पहले ही शिलान्यास हो सकता है। 27 जून के बाद निर्माण में देरी पर प्रतिदिन 1.5 लाख रुपए जुर्माने का भी नियम है। 54 एकड़ में फिल्म स्टूडियो, साउंड स्टेज, पोस्ट-प्रोडक्शन यूनिट और अन्य काम होना है। यहां पर फिल्म में ऐरो प्लेन व हेलीकाप्टर से शूटिंग के लिए रनवे और हैलीपेड भी तैयारी होंगे एवं संसद गैलरी, समुंद्रों की लोकेशन व उत्तरखंड के चार धाम समेत सौर ऊर्जा पर आधारित सेट का निर्माण होगा।

# नोएडा में सड़क चौड़ाई के लिए एफओबी होगा शिफ्ट

**600 मीटर की लंबाई में 5.5 मीटर बढ़ेगी सड़क की चौड़ाई, 5 लाख वाहन चालकों को फायदा**

**नोएडा।** सेक्टर-95 दलित प्रेरणा स्थल के सामने सड़क चौड़ी करने के साथ यहां बने फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) को भी शिफ्ट किया जा सकता है।

इसे थोड़ा आगे पीछे या इसकी सीढ़ियों की चौड़ाई को कम किया जा सकता है। दरअसल दिल्ली की ओर नोएडा ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस वे पर महामाया फ्लाइओवर से डीएनडी लूप तक की रोड को 5.5 मीटर तक चौड़ा किया जाएगा। इसकी चौड़ाई बढ़ने के साथ ही एफओबी के पास बॉटलनेक बन रहा है। यानी पीछे जाम फ्री होगा लेकिन बॉटलनेक पर ट्रैफिक फिर फंसेगा।

यहां बने एफओबी को आगे पीछे



शिफ्ट किया जा सकता है। जिसे बीओटी बेस पर दोबारा भी बनाया जा सकता है। कंपनी विज्ञापन राइट्स पर अपनी लागत निकाल सकता है। इसके लिए सात से आठ पेड़ों को भी शिफ्ट किया जाएगा।

बता दें सेक्टर-95 में 600 मीटर लंबाई में बनी हुई 1 मीटर रोड साइड पटरी और 1.4 मीटर चौड़ा छोटा फुटपाथ जैसा व रेलिंग के अलावा 3.1 मीटर चौड़ा पेव्ड टाइल सर्फेस को हटाकर कुल 5.5 मीटर चौड़ी सर्विस लेन बनाई जाएगी। जिससे यहां लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिलेगी।

# नोएडा पुलिस ने दो बदमाशों को किया गिरफ्तार

### 14 डॉलर सिंगापुर और 200 इंडोनेशिया रुपए, जूलरी बरामद

**नोएडा।** थाना सेक्टर-24 नोएडा पुलिस द्वारा बंद पड़े मकानों की रेकी करके चोरी करने वाले एक बदमाश और एक सुनार को पकड़ा है। इनके कब्जे से चोरी के आभूषण, विदेशी मुद्रा व चांदी के सिक्के बरामद किए गए है। इनकी पहचान सोनू गौतम हुई है। सोनू सुनार मनोज कुमार वर्मा को चोरी का कॉल बेचता था। पुलिस ने एआरटीओ ऑफिस के पीछे वाली सड़क से गिरफ्तार किया है।

### विदेशी करेंसी और जूलरी बरामद

एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि बदमाशों के पास से 4 अंगूठी पीली धातु, 01 गले का हार सफेद धातु, 2 गले का हार पीली व सफेद धातु, 14 डॉलर (सिंगापुर देश के), 200 रुपया (इंडोनेशिया देश के), 06 चांदी के सिक्के व 01 चांदी का नोट बरामद किया गया है।

# नोएडा के सूरजपुर न्यायालय में वकीलों में झड़प

### बार एसोसिएशन अध्यक्ष समेत 15-20 लोगों पर वकील से मारपीट का आरोप

**गौतम बुद्ध नगर।** सूरजपुर न्यायालय में वकीलों की आम सभा के दौरान हिंसक झड़प की घटना सामने आई है। अधिवक्ता संदीप भाटी ने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष परमेन्द्र भाटी और 15-20 अन्य लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है।

संदीप भाटी ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि परमेन्द्र भाटी और उनके साथी कोर्ट में अपनी गैंग चलाते हैं। वे न्यायिक अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों पर अपने लोगों को क्लाइंट देने का दबाव बनाते हैं। संदीप



के अनुसार, उनके एक क्लाइंट को परमिंदर भाटी के लोगों ने संपर्क किया था। इस मामले को लेकर जब वे बार सदस्यों से चर्चा कर रहे थे। तभी परमेंद्र भाटी और उनके साथियों ने उन पर हमला कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि हमलावरों ने हथियार की बट से भी वार किया।

बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष उमेश भाटी ने इस घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा कि संदीप के साथ हुई मारपीट गलत है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। घटना के बाद कई वकील संदीप भाटी के समर्थन में आ गए हैं। वकीलों ने जिला जज से मिलकर कार्रवाई की मांग की है। संदीप भाटी का कहना है कि आरोपी पहले भी कई लोगों के साथ मारपीट कर चुके हैं।

# नोएडा में साफ-सफाई को लेकर एसीईओ का एक्शन

### साफ-सफाई नहीं मिलने पर कंपनी पर एक लाख का जुर्माना, एपीई का रोका वेतन

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ संजय खत्री ने सोमवार को डीएससी मार्ग, उद्योग मार्ग, एमपी-1 मार्ग, एमपी 2, जोनल रोड नं-6, सेक्टर-11, 56, 62 का स्थलीय निरीक्षण किया। साफ सफाई बेहतर नहीं मिलने पर मैकेनिकल स्वीपिंग एजेंसी पर 1 लाख रुपए का जुर्माना और सहायक परियोजना अभियंता का वेतन रोक दिया गया है।

### एपीई को नोटिस जारी मांगा स्पष्टीकरण

निरीक्षण की शुरुआत सेक्टर-11 में मुख्य नाले से की गई। यहां सफाई का कार्य जगह-जगह छोड़कर किया जा रहा था। सफाई नहीं मिलने पर उमेश चन्द्र, सहायक परियोजना अभियंता का वेतन रोकने एवं नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया।



उद्योग मार्ग के निरीक्षण के दौरान विभिन्न स्थलों पर जगह-जगह गंदगी, कूड़े के ढेर, ईट पड़े हुए मिले। ड्रेन में मिट्टी भरी पायी गयी, फुटपाथ पर घास उगी हुई पाई गई।

### मैकेनिकल स्वीपिंग एजेंसी पर जुर्माना

जिस पर गत कई दिनों से सफाई का कार्य नहीं कराया गया है। सेक्टर-56 में निरीक्षण के दौरान भी साईकिल ट्रैक पर गंदगी पायी गयी। जिसको देखते हुए मैकेनिकल स्वीपिंग एजेन्सी मैसर्स लॉयन सर्विसिस लिमिटेड को कारण बताओ नोटिस जारी करने एक एक लाख का जुर्माना लगाया गया।

जोनल रोड नं 6 एवं सेक्टर -62 के मुख्य मार्गो पर निरीक्षण के दौरान विभिन्न स्थलों पर ईट, पत्थर रोड़े, गंदगी एवं घास जमी हुई पाई गई। फोर्टिस हॉस्पिटल के सामने मामूरा टी-पाईंट पर अत्यधिक गंदगी मिली। तत्काल प्रभाव से साफ करने के निर्देश दिए गए।

### ट्रैक्टर से स्टंट

**नोएडा।** नोएडा में स्टंट कर रील बनाने का खुमार थम नहीं रहा। नया मामला सेक्टर- 78, 80 के आसपास का है। यहां ट्रैक्टर सवार एक युवक खतरनाक स्टंट कर रहा है। उसका साथी वीडियो शूट कर रहा है। इसे रील बनाकर अपलोड किया गया। लोगों ने ड्ड पर नोएडा पुलिस को टैग करके सख्त एक्शन लेने के लिए कहा है। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच कर रही है। रील में लगाया गया बैक ग्राउंड गाना भी जाति सूचक शब्दों को इंगित करता हुआ है। वायरल हुआ वीडियो एक नहीं बल्कि तीन है। तीनों वीडियो 14 सेकेंड और उससे कुछ ज्यादा के है। तीनों में दिख रहा है कि युवक ट्रैक्टर चला रहा है। अचानक से हाथ छोड़कर ड्राइविंग सीट पर खड़ा होकर स्टंट करने लगता है। ये वीडियो सेक्टर-80 रोड का बताया गया जा रहा है।

# नोएडा में बना पहला डिजिटल ई-मालखाना, सीपी ने किया उद्घाटन

**14 करोड़ की लागत से बना मॉडल पुलिस स्टेशन**

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट में पुलिसिंग के आधुनिकीकरण और नागरिक सुविधा के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक कदम उठाया है। सोमवार को पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने सेक्टर-63 स्थित नव निर्मित थाना भवन, आवासीय परिसर और जिले के पहले ई-मालखाने का विधिवत उद्घाटन किया।

इसमें सामान पर एक बार कोड जनरेट किया जाएगा। इसे टैब की मदद से स्कैन किया जाएगा। जिससे उसका रिकार्ड मेनटेन होगा। इस अवसर पर उन्होंने थाना परिसर में पौधरोपण कर स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवन का संदेश भी दिया।

करीब 14 करोड़ रुपए की लागत से



बने इस मॉडर्न भवन को मॉडल पुलिस स्टेशन के रूप में विकसित किया गया है।

थाना परिसर में न केवल आधुनिक कार्यालय और साइबर सेल जैसी सुविधाएं हैं, बल्कि महिला हेल्प डेस्क, हवालात, विवेचना कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष और रेस्ट रूम जैसी नागरिक व पुलिसकर्मियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर इसका निर्माण किया गया है। भवन को पेपरलेस कार्यप्रणाली, हाई स्पीड इंटरनेट और ग्रीन एनर्जी से लैस किया गया है।

### पहला डिजिटल ई मॉल खाना

इस थाने की सबसे बड़ी विशेषता इसका ई-मॉलखाना है, जो जनपद का पहला डिजिटल मालखाना है। यह सुविधा केस से संबंधित साक्ष्यों की वैज्ञानिक व सुरक्षित ढंग से भंडारण और त्वरित जानकारी प्राप्त करने के लिए क्यू आर कोड आधारित प्रणाली से जुड़ी है। इससे जांच अधिकारियों को साक्ष्यों की जानकारी तुरंत उपलब्ध होगी, जिससे जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता और गति आएगी।

### कर्मियों के लिए आवासीय भवन

पुलिसकर्मियों के लिए नए आवासीय भवन भी इस परियोजना का हिस्सा हैं। यहां पर पुलिसकर्मियों की सुविधा के लिए मेस, बाह्य गतिविधियों की व्यवस्था और तनाव मुक्त कार्य वातावरण सुनिश्चित किया गया है। इसके अलावा महिलाओं के लिए 24×7 महिला हेल्प डेस्क स्थापित की गई है, जहां वे बिना किसी संकोच के अपनी शिकायत दर्ज कर सकती हैं। उद्घाटन अवसर पर पुलिस आयुक्त ने ग्राम प्रहरियों को सम्मानित करते हुए उन्हें किट भी वितरित की।

# शाहजहांपुर : पूर्व सीएम के कारोबारी रिश्तेदार, उनके बेटे-बहन की मौत

## शाहजहांपुर में ट्रक से टकराई कार, युवक ने 500 रुपए लेकर हॉस्पिटल का रास्ता बताया

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में होंडा सिटी कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में गोरखपुर के होटल कारोबारी, उनकी बहन और ढाई साल के बेटे की मौत हो गई। पत्नी और ड्राइवर और भांजा गंभीर रूप से घायल हैं। टक्कर इतनी भीषण थी कि 10 फीट की कार पिचक कर महज 7 फीट रह गई।

कार का अगला हिस्सा ट्रक में चिपक गया। परिवार के सभी लोग गाड़ी में फंस गए। पीछे एक अन्य कार में चल रहे परिजनों ने लोहे की सरिया से गेट तोड़कर घायलों को बाहर निकाला। घटना सोमवार सुबह 6: 30 बजे रोजा थाना क्षेत्र में जमुका के पास की है। होटल कारोबारी के चचेरे भाई ने बताया कि एक युवक ने 500 रुपए लेने के बाद हॉस्पिटल का रास्ता बताया। होटल कारोबारी अपने परिवार और रिश्तेदार के साथ दो कार से गर्मी की छुट्टियों में नैनीताल घूमने जा रहा थे। होंडा सिटी कार में होटल कारोबारी, उनकी पत्नी, ढाई साल का बेटा और बड़ी बहन और भांजा बैठा हुआ था। कार ड्राइवर चला रहा था। जबकि दूसरी कार में अन्य रिश्तेदार थे। हादसे के बाद थोड़ी देर में घटनास्थल पर पहुंचे। होटल कारोबारी यूपी के पूर्व सीएम कमलापति त्रिपाठी के रिश्तेदार थे, जबकि उनकी बहन गोरखपुर के डिप्टी सीएमओ की पत्नी हैं।



### अब विस्तार से पढ़िए मामला...

गोरखपुर के बेलीपार थाना क्षेत्र के मलालो निवासी होटल कारोबारी शिवम (36) अपने परिवार और अन्य रिश्तेदारों के साथ दो कार से रविवार सुबह 4 बजे नैनीताल घूमने के लिए निकले। होंडा सिटी कार में शिवम अपनी पत्नी शालिनी पांडेय, ढाई साल के बेटे माधवन, थाना खैराबाद के मालवीस नगर निवासी बहन श्वेता द्विवेदी (42), उनके बेटे शिवांश (7) के साथ थे।

कार उनका ड्राइवर अंगद चला रहा था। जबकि दूसरी कार में उनके चचेरे भाई अमृतेश और अन्य रिश्तेदार थे। पुलिस के अनुसार, सोमवार सुबह शिवम की होंडा सिटी कार साढ़े छह बजे शाहजहांपुर के रोजा थाना क्षेत्र में जमुका के पास रोड के किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सवार सभी 5 लोग अंदर फंस गए। अमृतेश ने बताया- हमने सरिया लेकर कार में फंसे लोगों को निकाला और अपनी इनोवा कार से राजकीय मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया। जहां शिवम, उनके ढाई साल के बेटे माधवन और बहन श्वेता को मृत घोषित कर दिया गया। शिवम की पत्नी शालिनी, श्वेता के बेटे शिवांश और ड्राइवर अंगद का इलाज चल रहा है।

### शिवांश की हालत गंभीर, रेफर

राजकीय मेडिकल कॉलेज से शिवांश (7) को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है। उसकी हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। शिवम की पत्नी शालिनी के मल्टीपल फ्रैक्चर हैं। उसका राजकीय मेडिकल कॉलेज में ही इलाज चल रहा है। ड्राइवर अंगद की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# बहराइच में 700 साल पुरानी मजार पर चला बुलडोजर

## 100 साल पुरानी 3 और मजारें गिराई गईं

**बहराइच।** बहराइच में 700 साल पुरानी लक्कड़ शाह बाबा की मजार को बुलडोजर से गिरा दिया गया। इस मजार के अलावा चमन शाह, भंवर शाह और शहंशाह बाबा की मजार भी गिराई गईं। कतर्नियाघाट जंगल में बनी ये तीनों मजारें भी 100 साल से ज्यादा पुरानी हैं। मंगलवार को सीएम योगी को बहराइच आना है। इससे दो दिन पहले बुलडोजर कार्रवाई की गई।

लक्कड़ शाह बाबा की मजार पर 16वीं सदी से उर्स मनाया जाता था। वन विभाग ने 5 जून को मजार कमेटी को अवैध निर्माण हटाने का नोटिस दिया था। उसके बाद 8 जून की रात को यह एक्शन लिया गया। एक वन अधिकारी ने बताया- मजार कमेटी के पास जमीन के कोई कागज नहीं हैं। बहराइच में मजारों पर बुलडोजर चलाने का यह पहला मामला है। इससे पहले अवैध दुकानों और घरों पर बुलडोजर चलाया गया था।

### मेले पर भी प्रशासन ने लगाई थी रोक

इससे पहले प्रशासन ने सुरक्षा कारणों के चलते कई मजारों पर लगने वाले मेलों पर भी रोक लगा दी थी। इनमें कतर्नियाघाट जंगल में स्थित लक्कड़



शाह बाबा की मजार पर हर साल लगने वाला मेला भी शामिल था। इसको लेकर भी मेला आयोजकों ने विरोध जताया था। वहीं, प्रशासन ने कहा था कि मजार पर धार्मिक क्रियाकलाप और जियारत पर कोई रोक नहीं है। केवल भीड़ के जमा होने पर रोक लगाई गई है।

### प्रशासन ने मौके से श्रद्धालुओं को हटाया

मजार के सचिव इसरार ने बताया- रविवार रात प्रशासन ने मजार पर बुलडोजर चलाकर उसे ध्वस्त कर दिया।

रात में वहां पर कुछ कर्मचारी और श्रद्धालु मौजूद थे। लेकिन, उनको प्रशासन ने पहले ही हटा दिया था। इस मामले को लेकर मजार प्रबंधन हाईकोर्ट गया था। प्रशासन ने 5 जून के ट्रिब्यूनल के आदेश को रिसीव कराया और रात में बुलडोजर चला दिया।

# पिता ने बेटी का गला घोंटा, भाई ने लाश जलाई

**मुजफ्फरनगर।** मेरठ के बाद अब मुजफ्फरनगर में ऑनर किलिंग हुई है। यहां पिता ने बेटे के साथ मिलकर 35 साल की बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। शव को घर से 5 किमी दूर ले जाकर जला दिया।

हत्या करने के दो दिन बाद पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई कि उनकी बेटी लापता है। अगले दिन पुलिस ने जंगल से अधजला शव बरामद किया। शव इतनी बुरी हालत में था, कि पहचान करना मुश्किल था। आखिरकार ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी खुल गई।

पुलिस ने सोमवार को आरोपी पिता और भाई को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को जेल भेज दिया। जेल जाते वक्त दोनों आरोपियों के चेहरे पर कोई पछतावा नहीं था।

पिता ने कहा, बेटी की दो शादियां की, उसने दोनों तोड़ दी। 9 साल से उसका एक लड़के से अफेयर था। यह बात बर्दाश्त नहीं थी, इसलिए मार दिया। पुलिस ने बताया कि झगड़े के दौरान पिता ने बेटी का गला घोंट दिया था। बाद में भाई और उसके ट्रक ड्राइवर दोस्त ने शव जलाया था। इस हत्याकांड में एक ट्रक ड्राइवर फरार है। उसकी तलाश चल रही है।

# कानपुर कोर्ट ने दो भाइयों सुनाई 5-5 साल की सजा

**कानपुर।** युवती को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में आज कानपुर कोर्ट ने दो भाइयों को दोषी करार देते हुए 5-5 साल की सजा सुनाई। दिसंबर 2010 में छेड़खानी से तंग आकर युवती ने आग लगाकर जान दे दी थी। 14 साल बाद पीड़िता के परिजनों को इंसाफ मिला। नरवल थानाक्षेत्र निवासी युवक ने बताया कि मेरी बहन से गांव के ही दो भाई महेंद्र व सुरेंद्र छेड़खानी करते थे और शादी करने का दबाव बनाते थे। 8 दिसंबर 2010 को आरोपी घर के सामने बैठ कर बहन से छेड़खानी कर रहे थे। मना करने पर धमकाया।

# ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

## हाथरस रेलवे स्टेशन पर हुआ हादसा, दिल्ली से घर जा रही थी

**हाथरस।** हाथरस जंक्शन रेलवे स्टेशन पर सोमवार शाम एक महिला की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि महिला का शव क्षत-विक्षत हालत में रेलवे ट्रैक पर बिखर गया। मृतका की पहचान अलीगढ़ जिले के खैर तहसील के गांव शिवाला निवासी 50 वर्षीय शशि के रूप में हुई है। वह दिल्ली पुलिस में कार्यरत रामकिशन की पत्नी थीं और इस समय दिल्ली के रोहिणी इलाके में रह रही थीं।

जानकारी के अनुसार, शशि गोमती एक्सप्रेस से हाथरस जंक्शन स्टेशन पर



उतरी थीं। ट्रेन से उतरने के बाद वह गलती से रॉन्ग साइड में ट्रैक पार करने लगीं। इसी दौरान दिल्ली से कानपुर की ओर जा रही समर स्पेशल एक्सप्रेस की चपेट में आ गईं। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद रेलवे और जीआरपी ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। महिला के पास से मिले बैग और दस्तावेजों से उनकी पहचान हो सकी। वह अपने मायके जाने के लिए दिल्ली से अलीगढ़ आ रही थीं। उनका मायका इगलास थाना क्षेत्र के गांव तोछीगढ़ में है। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अलीगढ़ भेज दिया है। साथ ही परिजनों को भी हादसे की सूचना दे दी गई है। हादसे के बाद समर स्पेशल एक्सप्रेस करीब पांच मिनट तक स्टेशन पर रुकी रही।

# यूरिया का उपयोग करने वाली विभिन्न औद्योगिक इकाइयों पर की गयी छापामारी

विशाल इंडिया संवाददाता

**रामपुर।** जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार अनुदानित नीम लेपित यूरिया का डायवर्जन रोकने हेतु टेक्निकल ग्रेड यूरिया का प्रयोग करने वाली औद्योगिक इकाइयों यथा पशु आहार, कुक्कुट पालन, पेंट में इमल्सन बाइंडर, चीनी/शीरा का एल्कोहल किण्वन, प्लाईवुड और पार्टिकल बोर्ड उद्योग, प्लास्टिक उत्पादों, कपड़ा रंगने या छपाई, डिश शोप आदि में सघन छापेमारी के दृष्टिगत जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह द्वारा गठित टीम द्वारा टेक्निकल ग्रेड यूरिया का उपयोग करने



वाली विभिन्न औद्योगिक इकाइयों पर छापामारी की गयी। छापेमारी के दौरान मै0 अम्बिका प्लाईवुड रामपुर, मै0 दुर्गा ड्रर्स प्लाईवुड रामपुर, मै0 आर. सन्स प्लाईवुड रामपुर, मै0 श्री राम प्लाईवुड रामपुर, मै0 एस.के. प्लाईवुड रामपुर का निरीक्षण किया गया और टेक्निकल ग्रेड यूरिया का एक नमूना ग्रहीत किया गया। ग्रहीत किये गये टेक्निकल ग्रेड यूरिया को परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है।

निरीक्षण के दौरान उप कृषि निदेशक, उपायुक्त उद्योग एवं जिला कृषि अधिकारी मौजूद रहे।

# पत्नी की हत्या के दोषी को सजा

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर के गुलावठी थाना क्षेत्र में पत्नी की हत्या के मामले में न्यायालय ने आरोपी को कड़ी सजा सुनाई है। खुशहालपुर निवासी अजीत उर्फ गुड्डू को आजीवन कारावास और 50 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। मामला मार्च 2023 का है, जब अजीत ने अपनी पत्नी आशा कुमारी का गला दबाकर हत्या कर दी थी। इस संबंध में गुलावठी थाने में धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने 4 जून 2023 को न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक के ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत बुलंदशहर पुलिस की मॉनीटरिंग सेल ने इस मामले में प्रभावी पैरवी की।

# कोसी नदी के तट पर सिंचाई विभाग द्वारा कराए गए सुरक्षात्मक कार्यों का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण


विशाल इंडिया संवाददाता



**रामपुर।** विकास खंड स्वार के ग्राम छपर्रा में कोसी नदी के तट पर सिंचाई विभाग द्वारा कराए गए सुरक्षात्मक कार्यों का जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने निरीक्षण किया। सिंचाई विभाग द्वारा कोसी नदी के बाएं किनारे पर ग्राम रुस्तम नगर छपर्रा के समीप तटबंध पर यह कार्य कराया गया है। तटबंध पर सुरक्षात्मक कार्य हो जाने से किसी नदी में जल स्तर बढ़ने के दौरान बंधा कटान की समस्या नहीं होगी और आसपास की फसलों एवं स्थानीय लोगों को भारी जल भराव की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। इन सुरक्षात्मक कार्यों से स्थानीय लोगों ने भी काफी प्रसन्नता जाहिर की है क्योंकि पूर्व में यहां तट बंध में कटान की वजह से स्थानीय लोगों को काफी समस्याएं होती थी जिनका अब समाधान हो गया है।

# छपर्रा झील को कब्जा मुक्त कराकर कराया पुनरुद्धार

## जिलाधिकारी ने पुनरुद्धार कार्यों का किया निरीक्षण




विशाल इंडिया संवाददाता

**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र के साथ तहसील स्वार क्षेत्र के अंतर्गत छपर्रा झील के पुनरुद्धार कार्यों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी के निर्देश पर जल संरक्षण अभियान के तहत खंड विकास अधिकारी स्वार द्वारा करीब 400 मीटर झील का पुनरुद्धार कराया गया है। इस झील पर पूर्व में स्थानीय लोगों द्वारा अवैध तरीके से कब्जा किया गया था जिसे अभियान के दौरान कब्जा मुक्त कराकर पुनरुद्धार कराया गया है। जिले में जिलाधिकारी के नेतृत्व में नदियों एवं झीलों को पुराने स्वरूप में लाने के लिए लगातार कवायत की जा रही है। इस झील के पुनरुद्धार के उपरांत जल संचयन को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय किसानों को अपनी फसलों की सिंचाई के दौरान पर्याप्त जलापूर्ति संभव हो सकेगी।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत चिन्हित सभी झील एवं नदियों के पुनरुद्धार का कार्य जारी रखा जाए और यह सुनिश्चित करें कि झील, तालाब अथवा नदियों के लिए आरक्षित जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा नहीं होना चाहिए।

# एसपी की फिर चली तबादला एक्सप्रेस, 13 का ट्रांसफर

**ललितपुर।** अपराधियों पर नियंत्रण व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने सोमवार को 11सब इंस्पेक्टर 1 मु.आ.1 आरक्षी के कार्य क्षेत्र को बदल दिया। पुलिस मीडिया सेल द्वारा जारी सूची के अनुसार उ.नि. अरूण कुमार- थाना तालबेहट से चौकी प्रभारी विरधा उ.नि.भूपेन्द्र सिंह - थाना कोतवाली से चौकी प्रभारी नत्थीखेंडा उ.नि. सुबोध सिंह - चोकी प्रभारी धौर्रा से थाना पाली उ.नि. मनीष कुमार - थाना



जखौरा से चौकी प्रभारी धौर्रा उ.नि.प्रशांत राणा - चौकी प्रभारी जेल से चौकी प्रभारी सिविल लाइन थाना कोतवाली उ.नि. संजय कुमार दुबे- चौकी प्रभारी सिविल लाइन थाना कोतवाली से जेल चौकी प्रभारी थाना कोतवाली उ.नि. रज्जन बाबू - चौकी प्रभारी नत्थीखेड़ा से थाना कोतवाली उ.नि. दिग्विजय सिंह - थाना जाखलौन से व.उ.नि. थाना बानपुर उ.नि. विपिन डेढ़ा - थाना मड़ावरा से थाना जाखलौन उ.नि. ललित उज्ज्वल - थाना पाली से थाना बानपुर उ.नि. सियाराम वर्मा - पुलिस लाइन से थाना तालबेहट मु.आ.अनिल कुमार- थाना सौजना से अभियोजन कार्यालय आरक्षी विष्णु प्रताप सिंह - थाना कोतवाली से पूराकला की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस अधीक्षक का यह निर्णय जिले में सुरक्षा स्थिति को बेहतर बनाने और प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सभी नए पदस्थापित अधिकारियों को उनके नए कार्यक्षेत्र में तेजी से काम करने की अपेक्षा की गई है, जिससे कानून-व्यवस्था में सुधार हो सके ।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम और एसपी ने तहसील स्वार में सुनी जन शिकायतें

विशाल इंडिया संवाददाता

**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में तहसील स्वार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 25 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 04 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त हुई शिकायतों को प्राथमिकता देते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विद्युत, पुलिस विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण आदि विभागों की शिकायतें प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने ई-एप्लीकेशन के बारे में लेखपालों से कहा कि डिजिटलीकरण की दिशा में यह एक अहम कदम है, जिससे पारदर्शिता, कार्यकुशलता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने लेखपालों को निर्देशित किया कि वह सभी आवेदनों को समय से ऑनलाइन प्रणाली में दर्ज करें और निर्धारित समयसीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने लेखपालों को निर्देशित किया कि सभी ई-एप्लीकेशन पोर्टल को डाउनलोड कर लें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि तहसील स्तर से भूमि विवाद में कमी आई है तथा अवैध खनन पर अंकुश लगा है, जिससे खनन में राजस्व की बढ़ोत्तरी हुई है।

# शार्ट न्यूज

## आत्महत्या के लिए उकसाने के चार आरोपी गिरफ्तार

**ललितपुर।** नाराहट पुलिस, स्वाट टीम ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के चार वांछित 25000 हजार के इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। ललितपुर के थाना नाराहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम इमलिया कला में युवती द्वारा आत्महत्या करने के प्रकरण में थाना नाराहट पर मु0अ0स0 96/2025 धारा 108 [illegible] का अभियोग पंजीकृत किया गया था । उक्त अभियोग से सम्बन्धित चार अभियुक्तगण मुली उर्फ मुलायम अहिरवार पुत्र कूरे अहिरवार उम्र करीब 24 वर्ष भगवान उर्फ भगुन्ती ढीमर पुत्र रामप्रसाद ढीमर उम्र करीब 35 वर्ष दीपू उर्फ दीपक पुत्र जण्डेल सिंह उम्र करीब 31 वर्ष अस्सू अहिरवार पुत्र हल्कू अहिरवार उम्र करीब 50 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम इमलिया कला थाना नाराहट ललितपुर को पूर्व में नियमानुसार गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा चुकी है। इसी क्रम में मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त इन्द्रपाल पुत्र जन्डेल यादव नि0 ग्राम इमलियाकलां थाना नाराहट ललितपुर की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक ललितपुर मो0 मुश्ताक द्वारा 25000 रूपये का इनाम घोषित किया गया था, जिसे थाना नाराहट पुलिस/स्वाट टीम, ललितपुर द्वारा नियमानुसार गिरफ्तार कर, आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**ललितपुर।** बानपुर पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एंव क्षेत्राधिकारी महरौनी रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में, जनपद में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बानपुर पुलिस द्वारा दो वारण्टी अभियुक्तगण- रमेश नाई पुत्र काशीराम उम्र करीब 43 वर्ष निवासी ग्राम ककडारी थाना बानपुर ललितपुर, खिलान सिंह पुत्र जवाहर यादव उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम ककरेला थाना बानपुर ललितपुर, को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तगण उपरोक्त को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है । गिरफ्तार करने वाली टीम अरुण कुमार तिवारी थानाध्यक्ष बानपुर उ.नि. शंत किशोर शुक्ला हे.का. सर्वेश सिंह आदि शामिल रहे।

## नहर में डूबने से चार दोस्तों की मौत

**सहारनपुर।** सहारनपुर के देहात कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में चार दोस्तों की जान चली गई। चिलकाना रोड स्थित पूर्वी यमुना नहर में नहाने गए चार युवक तेज बहाव में फंसकर डूब गए। गोताखोरों की घंटों मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला गया। परिजनों ने गमगीन माहौल में शवों का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव उन्हें सौंप दिए। मरने वालों में मोहल्ला आली की चुंगी निवासी कलीम (35), नवाबगंज निवासी जुबैर (34), खाताखेड़ी की कटहल कॉलोनी निवासी साकिब (26) और इंद्रा कॉलोनी निवासी अदनान (18) शामिल हैं। चारों दोस्त सोमवार दोपहर बाद नहाने के लिए चिलकाना रोड पर पूर्वी यमुना नहर पहुंचे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक नहाते समय अचानक पानी का बहाव तेज हो गया और चारों युवक उसमें फंस गए। एक-दूसरे को बचाने की कोशिश में चारों गहराई में समा गए। वहीं, पास में नहा रहे अन्य युवकों ने शोर मचाया तो आसपास के लोग और राहगीर मौके पर जुट गए। सूचना मिलने पर पुलिस और परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे।

## भैंस नहलाते समय युवक की डूबकर मौत

**बाराबंकी।** बाराबंकी के सिरौली गौसपुर क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हुआ। सरयू नदी में भैंस नहलाते समय 22 वर्षीय बलराम यादव डूब गए। बलराम रानीपुरवा मजरे मुड़िया डीह थाना बदोसरांय के निवासी थे। घटना के समय बलराम के साथ उनके चाचा देशराज और गांव के धनीराम, गुल्लू व कुंवारे भी मौजूद थे। सभी लोग भैंस नहला रहे थे। इसी दौरान बलराम नदी के गहरे पानी में चले गए। मौजूद लोगों ने लाठी के सहारे उन्हें बचाने का प्रयास किया। लेकिन तेज बहाव के कारण वे सफल नहीं हो पाए। बलराम के माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है। परिवार में तीन बहनें और एक भाई हैं। दो बड़ी बहनों की शादी हो चुकी है। बलराम तीसरे नंबर पर थे और एक छोटी बहन की शादी होनी बाकी है। सूचना मिलते ही एसडीएम प्रीति सिंह, तहसीलदार शरद कुमार सिंह, सीओ गरिमा पंत और कोतवाल संतोष कुमार सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचे।

## मुजफ्फरनगर में मजार को लेकर विवाद

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर की साकेत कॉलोनी में सरकारी जमीन पर बनी एक कथित अवैध मजार को लेकर विवाद गहरा गया है। राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन ने प्रशासन को 14 जून तक की समय सीमा दी है। संगठन के राष्ट्रीय संयोजक संजय अरोड़ा ने कहा कि साकेत कॉलोनी की गली नंबर 3 में ट्रांसफार्मर के पास सड़क पर बनी यह मजार पूरी तरह अवैध है। उन्होंने बताया कि इस हिंदू बहुल क्षेत्र में सड़क पर धार्मिक संरचना का कोई औचित्य नहीं है। संगठन की महिला इकाई की सरिता शर्मा अरोड़ा ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण तुरंत हटाने के निर्देश दिए हैं। कॉलोनी के निवासी इस मजार से परेशान हैं। यह सड़क जाम का कारण बनती है और आवागमन में बाधा उत्पन्न करती है। पहले संगठन ने प्रशासन को 10 जून तक का समय दिया था। मुख्यमंत्री के संभावित दौरे के कारण प्रशासनिक व्यस्तता को देखते हुए यह समय सीमा 14 जून तक बढ़ा दी गई है।

## देवरिया में युवक की डूबने से मौत

**देवरिया।** देवरिया के मदनपुर थाना क्षेत्र के देवपार गांव में सोमवार को एक दुखद घटना सामने आई। मछली पालन का काम करने वाले 28 वर्षीय राकेश प्रसाद की तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना सोमवार को उस समय हुई जब राकेश तालाब में मछलियों को दाना डाल रहे थे। इस दौरान उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चले गए। जब काफी देर तक वह घर नहीं लौटे तो परिजन उनकी तलाश में तालाब के पास पहुंचे। तालाब के किनारे राकेश की चप्पल देखकर परिजनों को घटना की आशंका हुई। काफी खोजबीन के बाद शाम को तालाब के किनारे राकेश का शव तैरता हुआ मिला। स्थानीय लोगों ने तुरंत मदनपुर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी अनिल कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई है। इस घटना से मृतक के परिवार में शोक की लहर है।

## पत्नी की हत्या का दोषी करार

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर के शिकारपुर थाना क्षेत्र में 2019 में हुई पत्नी की हत्या के मामले में कोर्ट ने आज फैसला सुनाया। आरोपी सोनू को उम्रकैद की सजा और 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। मामला जुलाई 2019 का है, जब शिकारपुर के चैनपुरा मोहल्ले के रहने वाले सोनू ने अपनी पत्नी मधू की हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में धारा 302 के तहत केस दर्ज किया था। अक्टूबर 2019 में पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। यह मामला उत्तर प्रदेश पुलिस के ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत चिह्नित किया गया। बुलंदशहर पुलिस की मॉनीटरिंग सेल ने कोर्ट में मजबूत पैरवी की। मामले में पांच गवाहों की गवाही हुई। एडीजे/एफटीसी-02 कोर्ट के न्यायाधीश मनोज कुमार ने आरोपी को दोषी करार दिया। अभियोजन पक्ष से ध्रुव कुमार वर्मा ने पैरवी की।

## संक्षिप्त समाचार

### स्नूकर स्टार नील रॉबर्टसन ने हांगकांग का निवासी बनने की घोषणा की



**बीजिंग, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई स्नूकर स्टार नील रॉबर्टसन ने 6 जून को सोशल मीडिया पर घोषणा की कि उन्होंने और उनके परिवार ने हांगकांग का पहचान पत्र प्राप्त कर लिया है, और इसे एक महत्वपूर्ण व्यक्तिगत क्षण और पूरे परिवार के लिए गौरव की बात बताया। रॉबर्टसन ने कहा कि चीन का हांगकांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र हमेशा से उनकी धन्य भूमि रही है, जहां उन्होंने बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं और इस शहर के साथ गहरी दोस्ती कायम की है। उन्होंने कहा कि भविष्य में वह हांगकांग में और अधिक व्यवसाय तथा करियर की योजनाएं बनाएंगे। बताया जाता है कि रॉबर्टसन ने हांगकांग की गुणवत्ता प्रतिभा प्रवेश योजना के माध्यम से हांगकांग की पहचान प्राप्त की। गौरतलब है कि चीन के हांगकांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र की सरकार ने जून 2006 में गुणवत्ता प्रतिभा प्रवेश योजना शुरू की, जिसका उद्देश्य हांगकांग में बसने के लिए उच्च तकनीक प्रतिभाओं या उत्कृष्ट प्रतिभाओं को आकर्षित करना और हांगकांग की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है। हाल के वर्षों में, प्रसिद्ध स्नूकर खिलाड़ी जुड ट्रम्प और रोनी ओसुलिवन इस योजना के माध्यम से हांगकांग के निवासी बने हैं।

### डिमेंशिया पीड़ित हत्यारे के मृत्युदंड पर सुप्रीम सुनवाई

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के उटाह के स्टेट जज ने डिमेंशिया से पीड़ित हत्या के दोषी जोसेफ क्लिफ्टन को मौत की सजा देने का आदेश देने के मामले में अब सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। उटाह में जज राल्फ लेरॉय मेंजिज ने 1988 में उटाह की एक महिला की हत्या के दोषी को मौजूदा वक्त में डिमेंशिया से पीड़ित होने के बावजूद मौत की सजा देने का आदेश दिया। हालांकि जज के फैसले पर कई लोगों ने विरोध जताया है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि बीमारी की स्थिति में व्यक्ति को मृत्युदंड देना उचित नहीं होगा।

### लंदन में पंजाबी सिंगर सुनंदा शर्मा की कार में तोड़फोड़, चोरी

**लंदन, एजेंसी।** मशहूर पंजाबी सिंगर सुनंदा शर्मा की लंदन में उनकी जगुआर कार में तोड़फोड़ की गई और उनका कीमती सामान चोरी कर लिया गया। इसे लेकर सुनंदा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उनकी कार के टूटे हुए शीशे और बिखरा हुआ कांच देखा जा सकता है। चोरों ने उनके दो लुई वितां बैग, एक सूटकेस और एक हैंडबैग चुरा लिया। वीडियो में सुनंदा ने पंजाबी में कहा, सब कुछ चला गया... दोनों मेरे पसंदीदा बैग थे। वीडियो में वे भावुक दिखाई दे रही हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, वे मैं जिधर पासे वेखां, मैनु चोर दिसदे। यूके वालेयो, एह कोई गल ते नईं ना। सारी रात नींद नईं आई बादशाहो। केहड़ा एलवी ते केहड़ा प्राडा, ओह गया ओह गया। उन्होंने यह भी जोड़ा कि शायद वे किसी बड़ी मुसीबत से बच गईं। सुनंदा ने लंदन में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए अधिकारियों से बेहतर कदम उठाने की मांग की। यह पहली बार नहीं है जब सुनंदा ने अपनी परेशानियों को साझा किया। इस साल की शुरुआत में, उन्होंने म्यूजिक प्रोड्यूसर पिंकी धालीवाल के खिलाफ वित्तीय शोषण और मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी। सुनंदा ने अपने गीत बिल्ली अख, जानी तेरा ना, पटाके और तेरे नाल नचना से लोकप्रियता हासिल की। उन्होंने पंजाबी फिल्मों में अभिनय भी किया है।

### रूसने यान प्रक्षेपण तकनीक का पेटेंट कराया

**मास्को, एजेंसी।** रूस ने अंतरिक्ष स्टेशन से स्वचालित यान प्रक्षेपित करने की तकनीक का पेटेंट कराया है। यह स्टेशन दुनिया का ऐसा पहला ड्रोन प्लेटफार्म होगा जिसके रखरखाव के लिए रोबोट का इस्तेमाल होगा। इस तकनीक का परीक्षण रूसी ऑर्बिटल स्टेशन में करने की योजना है तथा बाद में इसका प्रयोग चंद्रमा के अन्वेषण में किया जाएगा। रूस इसमें योजनाबद्ध बदलाव करेगा।

### दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस के कब्जे वाले द्वीप के पास चीनी जहाज फंसा

**बीजिंग, एजेंसी।** विवादित दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस के कब्जे वाले एक द्वीप के पास तूफानी मौसम के कारण चीनी जहाज फंस गया। इसके बाद फिलीपींस सेना को अलर्ट पर रहना पड़ा। क्षेत्रीय नौसेना प्रवक्ता एलेन रोज कोलाडो ने बताया कि फिलीपीन बलों ने देखा कि खराब मौसम के कारण शनिवार को चीनी मछली पकड़ने वाला जहाज थिटू द्वीप के पूर्व में उथले पानी में फंस गया है, तो फिलीपीन सेना और तट रक्षक कर्मियों ने सहायता प्रदान करने के लिए जहाज को वहां भेजा, लेकिन बाद में पता चला कि जहाज को बाहर निकाल लिया गया है। फिलीपींस की सशस्त्र सेनाओं के कर्नल जेरेक्सेस त्रिनिदाद ने संवाददाताओं से कहा कि हमारे सैनिक हमेशा सतर्क रहते हैं। तो हमने समुद्र में संकटग्रस्त जहाजों की मदद करने के अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार पेशेवर के रूप में सहायता प्रदान करने का प्रयास किया। हम सदैव अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन करते हैं।

# अमेरिका के लॉस एंजिल्स में हिंसक प्रदर्शन प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पटाखे-पत्थर फेंके

## ट्रम्प ने 2000 नेशनल गार्ड्स भेजे; अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई का विरोध






**लॉस एंजिल्स, एजेंसी।** अमेरिका के लॉस एंजिल्स में अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई के विरोध में दो दिन से जारी प्रदर्शन हिंसक हो गए हैं। प्रदर्शनकारियों ने शनिवार देर रात (भारतीय समयानुसार रविवार सुबह) पुलिस पर पत्थर और पटाखे चलाए हैं। इसके अलावा प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बलों और इमिग्रेशन एंड कस्टम्स इन्फोर्समेंट (आईसीई) पर आंसू गैस और पैट्रोल बम दागे। साथ ही हाथों में मेक्सिको का झंडा लेकर 'आईसीई लॉस एंजिल्स से बाहर जाओ' जैसे नारे भी लगाए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हालात को काबू करने के लिए 2000 नेशनल गार्ड सैनिक तैनात करने की घोषणा की है। लॉस एंजिल्स में 6-7 जून को अवैध अप्रवासियों के खिलाफ एक अभियान चलाया गया था। इस दौरान होमलैंड सिक्योरिटी और इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) ने इस दौरान 44 लोगों को गिरफ्तार किया था। एजेंसी को खबर मिली थी कि कई जगहों पर अवैध अप्रवासियों को गलत दस्तावेजों के जरिए नौकरी दी जा रही थी। अधिकारियों के मुताबिक, हर दिन करीब 1600 अवैध अप्रवासियों को पकड़ा जा रहा है। दरअसल, होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने दावा किया कि 1 हजार प्रदर्शनकारियों ने एक संघीय भवन को घेरकर आईसीई अधिकारियों पर हमला किया, और आईसीई आउट ऑफ एलए जैसे नारे लगाए थे।

**ट्रम्प बोले- जरूरत पड़ने पर सरकार इसे नियंत्रित करेगी :** ट्रम्प के बॉर्डर प्रमुख टॉम होमैन ने फॉक्स न्यूज से कहा कि नेशनल गार्ड शनिवार शाम को तैनात होगा। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया ट्रुथ पर लिखा- अगर कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम और लॉस एंजिल्स की मेयर करेन बास अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा सकते, तो संघीय सरकार दंगे और लूटपाट को नियंत्रित करेगी। कैलिफोर्निया के गवर्नर न्यूसम ने इस कदम को जानबूझकर भड़काऊ बताया। लॉस एंजिल्स की मेयर करेन बास ने भी छापों की निंदा की और कहा, ये रणनीतियां हमारी कम्युनिटी में डर पैदा करती हैं और शहर की सुरक्षा को खतरे में डालती हैं। व्हाइट हाउस ने आईसीई को रोज 3,000 प्रवासियों को हिरासत में लेने का लक्ष्य दिया प्रदर्शनकारी रॉन गोशेज (44) ने रॉयटर से कहा, वे हमारे लोगों को किडनैप नहीं कर सकते। हम संगठित और कड़ा विरोध करेंगे। वहीं, व्हाइट हाउस के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ स्टीफन मिलर ने प्रदर्शनों को कानून और देश की संप्रभुता के खिलाफ विद्रोह करार दिया। अवैध अप्रवासियों के अधिकारों के लिए काम करने वाली संस्था चिरला की निदेशक एंजेलिका सालास ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों तक वकीलों की पहुंच नहीं हो पाई, जो चिंताजनक है। आईसीई, होमलैंड सिक्योरिटी विभाग और लॉस एंजिल्स पुलिस ने प्रदर्शनों या छापों पर कोई टिप्पणी नहीं की। ट्रम्प ने अवैध रूप से देश में रहने वालों को रिकॉर्ड संख्या में निर्वासित करने और अमेरिका-मेक्सिको सीमा को बंद करने का वादा किया है। व्हाइट हाउस ने ह्रूष्य को प्रतिदिन कम से कम 3,000 प्रवासियों को हिरासत में लेने का लक्ष्य दिया है। लॉस एंजिल्स में अप्रवासी आबादी लॉस एंजिल्स में मेक्सिकन अप्रवासियों की संख्या लाखों में है, और यह शहर मेक्सिकन मूल के लोगों का सबसे बड़ा केंद्र है। कैलिफोर्निया-मेक्सिको बॉर्डर से बड़ी संख्या में अप्रवासी अमेरिका में घुसते है। अमेरिका में 2023 तक मेक्सिकन मूल के लगभग 10.9 मिलियन अप्रवासी थे, जो कुल विदेशी मूल की आबादी का लगभग 23प्रतिशत हैं। प्यू रिसर्च सेंटर के अनुसार, 2024 में अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर माइग्रेंट एनकाउंटर (पकड़े गए या हिरासत में लिए गए अप्रवासी) की संख्या में भारी कमी आई। दिसंबर 2023 में 249,741 एनकाउंटर हुए, जो अगस्त 2024 तक घटकर 58,038 हो गए, यानी 77प्रतिशत की कमी आई।

## कर्ज में डूबा पाकिस्तान, फिर भी नेताओं की तिजोरी भर रही : 500 प्रतिशत वेतन वृद्धि

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** वित्तीय संकट और महंगाई की मार झेल रहे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सरकार ने एक और चौंकाने वाला फैसला लिया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नेशनल असेंबली के स्पीकर अयाज सादिक और सीनेट चेयरमैन यूसुफ रजा गिलानी का वेतन 500 प्रतिशत बढ़ा दिया गया है। अब दोनों शीर्ष संवैधानिक पदाधिकारियों को हर महीने 13 लाख पाकिस्तानी रुपए वेतन मिलेगा, जबकि पहले यह राशि केवल 2.05 लाख रुपए थी। यह वृद्धि 1 जनवरी 2025 से प्रभावी होगी।

पिछले कुछ महीनों में शरीफ सरकार ने मंत्रियों, सलाहकारों, सांसदों और अब स्पीकर और चेयरमैन के वेतन में भारी बढ़ोतरी की है। मार्च में कैबिनेट मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और सलाहकारों के वेतन में 188 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी। वहीं, सांसदों और सीनेटरों के लिए 5.19 लाख रुपए मासिक वेतन स्वीकृत किया गया था। यह सब उस वक्त हो रहा है जब पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था कर्ज, राजनीतिक अस्थिरता, बेरोजगारी, महंगाई और ईंधन तथा बिजली दरों में भारी बढ़ोतरी से त्रस्त है। आम जनता को जहां कमर कसने की सलाह दी जा रही है, वहीं सरकार अपने ही खर्च बढ़ा रही है।

शरीफ सरकार की आलोचना करते हुए इस्लामाबाद के एक स्थानीय निवासी ने कहा, पहले तो ये लोग कमर कसने और सादगी की बात करते हैं, फिर खुद ही कैबिनेट मंत्रियों की संख्या बढ़ाते हैं और उनका वेतन भी आसमान पर पहुंचा देते हैं। आम जनता पर टैक्स का बोझ और खुद पर ऐश, ये तो हद है! बता दें कि शरीफ सरकार ने जब सत्ता संभाली थी, तब कैबिनेट में केवल 21 सदस्य थे, जिसे बढ़ाकर अब 51 सदस्यों तक कर दिया गया है। देश की बिगड़ती आर्थिक स्थिति के बीच यह वेतन वृद्धि आम जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसी लग रही है। आलोचकों का कहना है कि अगर यही 'आर्थिक सुधार' का रास्ता है, तो पाकिस्तान को मुश्किलों से उबरने में लंबा वक्त लग सकता है।

## कोलंबिया में राष्ट्रपति उम्मीदवार को सिर में गोली मारी गई : हालत नाजुक

**बोगोटा, एजेंसी।** साउथ अमेरिकी देश कोलंबिया में राष्ट्रपति उम्मीदवार मिगुएल उरीबे को चुनाव प्रचार के दौरान गोली मार दी गई। अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। हालत नाजुक बनी हुई है। घटना स्थानीय समयानुसार शनिवार शाम की है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक उरीबे को तीन गोलियां लगी है, इनमें से एक गोली के उनके सिर में लगने की खबर है। उरीबे राजधानी बोगोटा में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। कोलंबिया में 2026 में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। मिगुएल उरीबे राष्ट्रपति पद के प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। 39 वर्षीय उरीबे विपक्षी सेंट्रो डेमोक्रेटिको कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्य हैं। पार्टी ने बयान जारी कर बताया कि उरीबे को संबोधन के दौरान हमलावर ने पीठ में गोली मारी। बोगोटा के मेयर कार्लोस गलान ने बताया कि यह हमला शहर के फोंतिबोन इलाके में हुआ। उरीबे की हालत को देखते हुए पूरे शहर के अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया है पुलिस ने 15 साल के आरोपी हमलावर को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। उरीबे कोलंबिया की मशहूर पत्रकार डायना टर्बे के बेटे हैं। डायना को 1991 में ड्रग माफिया पाब्लो एस्कोबार के मेडेलिन कार्टेल ने बोगोटा में अगवा कर लिया था।

# शहबाज के सहायक की पूर्व पीएम इमरान को सलाह, कहा- सरकार के साथ बातचीत करने की जरूरत



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में सरकार और विपक्ष के बीच तनातनी जारी है। अदियाला जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) आम चुनावों में धांधली का लगातार विरोध कर रही है। इससे सरकार को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सार्वजनिक और राजनीतिक मामलों के विशेष सहायक राणा सनाउल्लाह ने पीटीआई प्रमुख और पूर्व पीएम इमरान खान को सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि इमरान खान को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ बातचीत करनी चाहिए। उन्हें चुनाव कानूनों में संशोधन के लिए सरकार से बात करने की जरूरत है। सनाउल्लाह ने कहा कि विपक्ष को देश के मुद्दों और आर्थिक चुनौतियों के समाधान के लिए सरकार से बातचीत करनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि सरकार पीटीआई को नौ मई 2023 या 26 नवंबर 2024 जैसे विरोध प्रदर्शन की अनुमति नहीं देगी। सनाउल्लाह ने देश के मौजूदा राजनीतिक माहौल में ऐसे किसी भी आंदोलन की सफलता से इनकार किया। सनाउल्लाह ने विरोध आंदोलन की संभावना पर कहा कि राजनीतिक व्यक्ति के रूप में मेरा मानना है कि सरकार, प्रतिष्ठान और लोगों की स्थिति को देखते हुए पीटीआई अतीत की तरह एक समान आंदोलन शुरू करने का जोखिम नहीं उठा सकती। पीटीआई ने हमेशा नफरत भड़काने की कोशिश की है। अगर वे ऐसा कुछ करने की कोशिश भी करते हैं तो यह एक असफल प्रयास होगा। इस बीच पीटीआई संस्थापक इमरान खान ने केंद्र में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के खिलाफ जेल से देशव्यापी विरोध आंदोलन का नेतृत्व करने की योजना की घोषणा की है। सीनेटर अली जफर ने खान के हवाले से कहा कि विरोध प्रदर्शन निर्णायक होना चाहिए। बता दें कि सरकार और पीटीआई ने पिछले साल कुछ मतभेदों पर विचार-विमर्श करने पर सहमति व्यक्त की थी, लेकिन बाद में पीटीआई ने सरकार के प्रतिनिधिमंडल के साथ तीन बैठकों में भाग लेने के बाद 9 मई, 2023 और 26 नवंबर की घटनाओं की जांच के लिए न्यायिक आयोगों के गठन न करने पर वार्ता प्रक्रिया को अचानक छोड़ दिया था।

# पाकिस्तान के रक्षा मंत्री बोले- भारत को जल युद्ध में हराएंगे

## कहा– वह जानबूझकर चिनाब का पानी कंट्रोल कर रहा; सीक्रेट बातचीत से इनकार



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने गीदड़ भभकी देते हुए कहा है कि उनका देश भारत को वाटर वॉर में हराएगा। शनिवार को मीडिया से बात करते हुए आसिफ ने कहा- चिनाब नदी में जल प्रवाह सामान्य से काफी कम है, भारत जानबूझकर इसे कंट्रोल कर रहा है। आसिफ ने दावा किया कि भारत कन्वेंशनल (पारंपरिक) युद्ध में हार चुका है और अब हम उसे जल युद्ध में भी हराएंगे। उन्होंने उन अफवाहों को भी खारिज किया, जिसमें कहा गया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच कोई सीक्रेट बातचीत चल रही है। पाकिस्तान की नदियों में 21प्रतिशत पानी की कमी पाकिस्तान की सिंधु नदी सिस्टम अथॉरिटी ने एक हफ्ते पहले अपनी रिपोर्ट में बताया था कि देश में सिंधु, झेलम और चिनाब नदी के प्रवाह में 21प्रतिशत की कमी आई है। खैबर पख्तूनख्वा राज्य में स्थित प्रमुख बांध मंगला और तरबेला में 50प्रतिशत से भी कम पानी बचा है। आईआरएसए के मुताबिक 2 जून 2025 को पंजाब में कुल पानी की उपलब्धता सिर्फ 1,28,800 क्यूसेक थी, जो पिछले साल के मुकाबले 14,800 क्यूसेक कम है। वहीं, पाकिस्तान सरकार के मुताबिक, 2 जून 2025 तक पंजाब प्रांत में सिंधु नदी सिस्टम में पानी की उपलब्धता पिछले साल के मुकाबले 10.3प्रतिशत कम हो गई है। अधिकारियों का कहना है कि सिंधु जल संधि स्थगित होने के बाद अब भारत, पाकिस्तान के साथ जल प्रवाह के आंकड़े शेयर नहीं करेगा। इससे बरसात के मौसम में बाढ़ मैनेजमेंट भी मुश्किल हो जाएगा। पाकिस्तान में मानसून पहुंचने में अभी 3 हफ्ते लगेंगे पाकिस्तान के ऊपर एक एंटी साइक्लोन बन गया है। इस वजह से कई इलाके भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं। बलूचिस्तान के कई इलाकों में 16 घंटे बिजली कटौती हो रही है, इस वजह से गर्मी काटना मुश्किल हो गया है। अभी दक्षिण-पश्चिम मॉनसून को पाकिस्तान पहुंचने में 3 हफ्ते लगेंगे, ऐसे में आने वाले हफ्ते और ज्यादा मुश्किल भरे हो सकते हैं।

## अमेरिकी राजनीति में बढ़ता दबदबा, टेक्सास के नगर परिषद चुनाव में दो भारतवंशी जीत के करीब



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका राजनीति में लगातार भारतीयवंशियों का प्रतिनिधित्व बढ़ता जा रहा है। अब टेक्सास नगर परिषद चुनाव में भी दो भारतवंशी उम्मीदवार जीत की तरफ बढ़ रहे हैं। ये उम्मीदवार हैं संजय सिंघल और सुख कौर। संजय सिंघल टेक्सास की शुगरलैंड सीट से उम्मीदवार हैं। वहीं सुख कौर सैन एंटोनियो से चुनाव मैदान में हैं। संजय सिंघल और सुख कौर चुनाव मैदान में 3 जून को हुए मतदान के बाद वोटों की गिनती जारी है और जल्द ही इसके नतीजे घोषित कर दिए जाएंगे। शुगरलैंड में संजय सिंघल का मुकाबला नासिर हुसैन से है। संजय 54 प्रतिशत मतों के साथ आगे चल रहे हैं और नासिर हुसैन 46 फीसदी मत पाकर दूसरे स्थान पर हैं। संजय सिंघल आईआईटी दिल्ली के छात्र रहे हैं और एनर्जी एक्जीक्यूटिव के पद से रिटायर होने के बाद चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव में संजय सिंघल पारदर्शी प्रशासन, बुनियादी ढांचे के विकास और सामुदायिक जुड़ाव का वादा कर रहे हैं। टेक्सास के नागरिक नेतृत्व में बढ़ेगा भारतीयों का दबदबा वहीं सैन एंटोनियो डिस्ट्रिक्ट 1 से उम्मीदवार सुख कौर हार्वर्ड से स्नातक हैं और पैटी गिब्सन के खिलाफ आगे चल रही हैं। सुख कौर को 64 प्रतिशत मत मिले हैं। अगर सुख कौर जीत जाती हैं तो सैन एंटोनियो सिटी काउंसिल से जीतने वाली पहली सिख महिला होंगी। सुख कौर ने चुनाव प्रचार के दौरान सस्ते आवास, सार्वजनिक परिवहन में विस्तार और शहरी विकास जैसे वादे किए हैं। वह अपने पति और दो बच्चों के साथ सैन एंटोनियो में रहती हैं। दोनों उम्मीदवारों से टेक्सास के नागरिक नेतृत्व में भारतीय-अमेरिकी प्रतिनिधित्व को मजबूती मिलने की उम्मीद है। आने वाले दिनों में आधिकारिक जीत की घोषणा की उम्मीद है।

# ईरान परमाणु प्रतिष्ठानों के निरीक्षण के लिए तैयार, लेकिन दबाव स्वीकार नहीं करेगा : राष्ट्रपति पेजेशकियन



**तेहरान, एजेंसी।** ईरान अपने परमाणु प्रतिष्ठानों के निरीक्षण को तैयार है। इसकी जानकारी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने शनिवार को दी। उन्होंने कहा कि उनका देश अपने परमाणु प्रतिष्ठानों के निरीक्षण के लिए तैयार है, लेकिन वह किसी दबाव को स्वीकार नहीं करेगा। राष्ट्रपति कार्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित एक बयान के अनुसार, पेजेशकियन ने शनिवार को ईरान की राजधानी तेहरान में कजाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मूरत नूर्टलेउ के साथ बैठक में यह टिप्पणी की। दरअसल, वह तेहरान और वाशिंगटन के बीच चल रही अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता पर टिप्पणी कर रहे थे। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, उन्होंने कहा कि ईरान की परमाणु गतिविधियां पूरी तरह से पारदर्शी हैं और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने भी इसकी बार-बार पुष्टि की है। ईरानी राष्ट्रपति पेजेशकियन ने कहा, चूंकि हम निरीक्षण के लिए तैयार हैं, इसलिए हम राष्ट्रों को ज्ञान, प्रौद्योगिकी और वैज्ञानिक उपलब्धियों से वंचित करना अस्वीकार्य मानते हैं। उन्होंने आगे कहा कि ईरान हमेशा तार्किक चर्चा सुनने के लिए तैयार है, लेकिन वह कभी भी जबरदस्ती और धौंस को स्वीकार नहीं करेगा।

उधर, कजाकिस्तान के विदेश मंत्री ने शांतिपूर्ण परमाणु गतिविधियों पर ईरान के सिद्धांतवादी और तार्किक रुख के प्रति अपने देश का सम्मान व्यक्त किया। नूर्टलेउ ने कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायेव का लिखित संदेश पेजेशकियन को सौंपा। नूर्टलेउ ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह संदेश दोनों देशों के संबंधों में एक नया अध्याय जोड़ेगा। बयान के अनुसार, दोनों पक्ष सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने पर सहमत हुए। सरकारी समाचार एजेंसी इरना के अनुसार, कजाकिस्तान के विदेश मंत्री शनिवार सुबह तेहरान पहुंचे और उनके ईरानी समकक्ष सईद अब्बास अराघची ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर बैठक की तथा राजनयिक अभिलेखागार के क्षेत्र में सहयोग पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका ने तेहरान के परमाणु कार्यक्रम और अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाने के मुद्दे पर पांच बार अप्रत्यक्ष वार्ता की, जिसकी मध्यस्थता ओमान ने की है।

# मैं 22 वर्ष की उम्र से कप्तानी कर रहा हूं, मुझे इसमें मजा आता है : श्रेयस अय्यर

**मुंबई (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स को पिछले साल आईपीएल खिताब दिलाने के बाद इस साल पंजाब किंग्स को फाइनल में ले जाने वाले भारत के स्टार क्रिकेटर श्रेयस अय्यर ने कहा कि उन्हें कप्तानी पसंद है क्योंकि इससे वह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाते हैं। अय्यर ने पंजाब किंग्स को आईपीएल फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हुए 604 रन बनाए लेकिन इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिये भारतीय टीम में जगह नहीं बना सके।

अय्यर ने सोबो मुंबई फाल्कंस को टी20 मुंबई लीग सेमीफाइनल में पहुंचाने के बाद कहा, 'कप्तानी से काफी परिपक्वता और जिम्मेदारी आती है। आपसे हमेशा अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की जाती है और आप टीम के लिये सर्वश्रेष्ठ योगदान देना चाहते हैं। किसी भी तरह की विषम परिस्थिति या प्रतिकूलता में टीम कप्तान के ही पास आती है।' उन्होंने कहा, 'मैं 22 वर्ष की उम्र से कप्तानी कर रहा हूं। मुझे इसमें मजा आता है।'

अय्यर ने कहा कि दबाव वाले हालात को वह चुनौती की तरह लेते हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा, 'मैं अपने जोन में जाने की कोशिश करता हूं। मैं प्रयास करता हूं कि पूरा फोकस रहे, वर्तमान में रहूं और हालात को देखकर प्रदर्शन करूं। मैं खुद से कहता रहता हूं कि मैं चाहता हूं कि दर्शकों की जुबां पर मेरा नाम हो और इससे मुझे प्रेरणा मिलती है।'

अय्यर ने कहा कि इस टूर्नामेंट में जाने पहचाने चेहरों के साथ खेलकर अच्छा लग रहा है जो उनके बचपन के दिनों के क्रिकेट के सफर में उनके साथ थे। उन्होंने कहा, 'ड्रेसिंग रूम में कई जाने पहचाने चेहरे हैं। मैंने क्लब क्रिकेट में, स्कूल और कॉलेज में उनके साथ खेला है। फिर यहां उनके साथ खेलकर अच्छा लग रहा है।'



# रोटैक्स यूरो ट्रॉफी में शीर्ष 10 में स्थान हासिल करने वाली पहली भारतीय बनीं 10 साल की अतीका



**ट्रिनेच (चेक गणराज्य) (एजेंसी)।** भारत की 10 वर्षीय रेसर अतीका मीर ने रोटैक्स यूरो ट्रॉफी में शीर्ष-10 में जगह बनाकर एक और उपलब्धि अपने नाम की। रोटैक्स यूरो ट्रॉफी एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कार्टिंग सीरीज है। अक्सेल जीपी समर्थित अतीका ने सप्ताहांत में स्टील रिंग सर्किट में आयोजित रोटैक्स यूरो ट्रॉफी के दूसरे चरण में नौवां स्थान हासिल किया।

फॉर्मूला वन से वित्तीय और तकनीकी सहायता पाने वाली पहली भारतीय अतीका क्वालीफाइंग में शानदार प्रदर्शन कर अपने ग्रुप में सातवें स्थान पर रहीं। उन्हें हालांकि दो बंपर पेनाल्टी मिली लेकिन वह इसके बावजूद वह तीन हिट्स के बाद 10वें स्थान पर रहीं। भारत के पहले फॉर्मूला वन ड्राइवर नारायण कार्तिकेय से प्रशिक्षण लेने वाली अतीका ने रविवार को फाइनल से पहले बारिश के कारण मुश्किल परिस्थितियों में अपनी असाधारण प्रतिभा का परिचय दिया। फाइनल में 10वें स्थान से शुरुआत करने वाली अतीका एक समय 14वें स्थान पर फिसल गयी थी लेकिन उन्होंने अच्छी वापसी करते हुए रेस को नौवें पायदान के साथ खत्म किया।

अतीका ने कहा, 'मेरे लिए वह एक अद्भुत सप्ताहांत था। मैंने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्राइवरों के साथ ड्राइविंग करके बहुत कुछ सीखा। सूखे मौसम में मेरी गति बहुत अच्छी थी और मैंने बारिश के बाद मुश्किल स्थिति में भी अच्छी प्रगति की।'

# शेफर्ड और होल्डर ने आदिल ने एक ही ओवर में बनाये 31 रन



**-इंग्लैंड के दूसरे सबसे महंगे गेंदबाज बने**

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच को चार विकेट से जीत लिया। वेस्टइंडीज ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 196 रन बनाये। इसे बाद इंग्लैंड ने ये लक्ष्य छह विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। इंग्लैंड के लिए इस मैच में ल्यूक वुड ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दो विकेट लिए। वहीं आदिल राशिद बेहद महंगे साबित हुए। राशिद ने एक ही ओवर में 31 रन दे दिये। यह टी-20 में किसी भी इंग्लैंड के गेंदबाज द्वारा किया गया दूसरा सबसे महंगा ओवर बन गया, इससे पहले 2007 टी20 विश्व कप के दौरान स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में युवराज सिंह से छह छक्के लगाकर 36 रन बनाये थे।

राशिद ने पारी का 19 ओवर जेसन होल्डर और रोमारियो शेफर्ड को किया। उनके ओवर की पहली ही गेंद पर होल्डर ने छक्का लगा दिया। इसके बाद दूसरी गेंद पर भी छह रन गये। वहीं तीसरी गेंद पर लॉन्ग-ऑन पर छक्का लगा। चौथी गेंद पर होल्डर ने एक रन बनाया। इसके बाद शेफर्ड ने पांचवीं गेंद और छठी गेंद पर छक्का लगाकर ओवर समाप्त किया।

इस मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की। एविन लुईस जल्दी आउट हो गए पर शाई होप और जॉनसन चार्ल्स ने 90 रन बनाकर पारी संभाली। होप 49 रन बनाकर आउट हुए। रोवमैन पॉवेल और जेसन होल्डर ने वेस्टइंडीज को 20 ओवर में छह विकेट पर 196 रनों तक पहुंचा दिया। इंग्लैंड की ओर से टॉम बैंटन ने 30 रन और जैकब बेथेल ने 26 रन बनाये। दूसरे मैच जीतने के साथ ही इंग्लैंड को तीन मैच की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है।

# इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को चार विकेट से हराया

**ब्रिस्टल, (एजेंसी)।** जॉस बटलर (47), कप्तान हैरी ब्रूक (34) और टॉम बैंटन (नाबाद 30) रनों की शानदार पारियों की बदौलत इंग्लैंड ने रविवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को नौ गेंदे शेष रहते चार विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है।

197 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत भी खबरा रही और उसने जेमी स्मिथ (चार) के रूप में अपना पहला विकेट गवां दिया। इसके बाद बेन डकेट और जॉस बटलर ने पारी को संभालने का प्रयास किया। बेन डकेट 18 गेंदों में (30) रन बनाकर आउट हुये। इंग्लैंड का तीसरा विकेट जॉस बटलर के रूप में गिरा। बटलर ने 36 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (47) रन बनाये। कप्तान हैरी ब्रूक ने 20 गेंदों में (34), जेकब बेथेल ने 10 गेंदों में (26), विल जैक्स (11) रन बनाकर आउट हुये। टॉम बैंटन ने 11 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद 30) रनों की पारी खेली। ब्राइडन कार्स (छह) रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड ने 18.3 ओवर में छह विकेट पर 199 रन बनाकर मुकाबला चार विकेट से जीत लिया। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ ने दो विकेट लिये। रॉस्टन चेज,अकील हुसैन, जेसन होल्डर और रोमारियो शेफर्ड ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



इससे पहले आज यहां इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज एविन लुइस (शून्य) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान साई होप ने जॉनसन चार्ल्स के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट लिए 89 रनों की साझेदारी हुई। 11वें ओवर में आदिल रशीद ने साई होप 38 गेंदों में (49) रन को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। शरफेन रदरफोर्ड (छह) रन बनाकर आउट हुये। वेस्टइंडीज का तीसरा विकेट जॉनसन चार्ल्स 39 गेंदों में (47) रन के रूप में गिरा। रोवमन पॉवेल 15 गेंदों में (34) और रोमारियो शेफर्ड (19) रन बनाकर आउट हुये। जेसन होल्डर ने नौ गेंदों में (नाबाद 19) रनों की पारी खेली। वेस्टइंडीज ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 196 रनों का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की ओर से ल्यूक वुड ने दो विकेट लिये। ब्राइडन कार्स, जेकब बेथेल और आदिल रशीद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# भारत-इंग्लैंड सीरीज में बन सकते हैं नये रिकार्ड

मुम्बई । भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से शुरु हो रही टेस्ट सीरीज में कई नये रिकार्ड बन सकते हैं। इस सीरीज में भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड में 50 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले भारतीय बन सकते हैं। इसके लिए उन्हें 13 विकेट चाहिये। वहीं इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट को भारत के खिलाफ 3000 रन बनाने के लिए केवल 154 रनों की जरुरत है। ये रन बनाते ही वह भारत के खिलाफ सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। इंग्लैंड की धरती पर सबसे अधिक 7 शतक सचिन तेंदुलकर के नाम है। उनकी सबसे यादगार पारियों में 1990 में मैनचेस्टर में 119 रन की नाबाद पारी थी। यह वो पारी थी, जिसने सभी हैरान हो गये थे। उनके साल 2002 में लीड्स में बनाए 193 रनों की पारी को भी कौन भूल सकता है। तेंदुलकर के बाद इंग्लैंड में सबसे अधिक शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज राहुल द्रविड़ और सुनील गावस्कर हैं। द्रविड़ और गावस्कर ने इंग्लैंड में 6-6 टेस्ट शतक लगाये हैं। वहीं विराट कोहली के नाम इंग्लैंड में 2 टेस्ट शतक हैं। विराट ने पहला शतक 2018 में नॉटिंघम में बनाया था जबकि दूसरा शतक 2018 में एजबेस्टन में लगाया था। वहीं रोहित शर्मा ने इंग्लैंड में केवल एक टेस्ट शतक लगाया है।





# डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने के लिए बेहद उत्साहित है स्टीव स्मिथ



सिडनी । ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने खुलासा किया है कि वह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल खेलने के लिए बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि दो महीने तक उन्होंने न्यूयॉर्क में छुट्टियां बिताईं और इस दौरान उन्होंने एक बार भी बल्ला हाथ में नहीं लिया। स्मिथ ने कहा कि आमतौर पर वह घर में एक बल्ला रखते हैं और कभी-कभी शैडो बैटिंग भी कर लेते हैं, लेकिन इस बार उन्होंने पूरी तरह क्रिकेट से ब्रेक लेने का निर्णय लिया। स्मिथ ने बताया, मैंने यहां (डब्ल्यूटीसी फाइनल की तैयारी के कैंप में) आने से पहले एक बार भी बल्ला नहीं छुआ। पहली बार बैट पकड़ना वाकई में अच्छा लगा। आमतौर पर यह थोड़ा अजीब लगता है, लेकिन मैं जल्दी लय में लौट आया। दोनों अभ्यास सत्र शानदार रहे और सब कुछ अपने आप क्लिक करता चला गया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए स्मिथ अब पूरी तरह तैयार हैं और उनका आत्मविश्वास सातवें आसमान पर है। उन्होंने यह भी बताया कि वे शारीरिक रूप से पहले से बेहतर स्थिति में हैं। स्मिथ ने कहा, मैं 2014 के बाद पहली बार खुद को इतना फिट महसूस कर रहा हूं। मेरे कूल्हे एकदम ठीक हैं, मैं बेहतर तरीके से झुक सकता हूं, जो स्लिप में फील्डिंग करते समय मदद करेगा। यह शायद मेरी अब तक की सबसे अच्छी शारीरिक स्थिति है। स्मिथ के इस बयान से यह साफ है कि उन्होंने न सिर्फ मानसिक रूप से खुद को तरोताजा किया है, बल्कि शारीरिक रूप से भी खुद को नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि मैदान पर वापसी के साथ वे अपनी बल्लेबाजी से क्या कमाल दिखाते हैं। मालूम हो कि स्मिथ काफी समय से क्रिकेट से दूर थे और इस दौरान उन्होंने जानबूझकर बल्ला तक नहीं उठाया। चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के सेमीफाइनल से बाहर होने के बाद स्मिथ ने वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी और इसके बाद से वे पूरी तरह क्रिकेट से दूर रहे।

# ऋषभ और वेंकटेश ही नहीं, नटराज भी मोटी रकम मिलने के बाद फ्लाप रहे

नई दिल्ली । आईपीएल के इस सत्र में लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज वेंकटेश अय्यर खराब प्रदर्शन के लिए सबसे निशाने पर रहे हैं। इसका कारण है कि करोड़ों की राशि मिलने के बाद भी ये रन नहीं बना पाये। वहीं एक खिलाड़ी ऐसा है जिसपर किसी का ध्यान नहीं गया क्योंकि उसने केवल 3 ओवर फेंके हैं और उसे करीब 11 करोड़ मिले हैं। इसके बाद भी वह आलोचना से बचा हुआ है। ये खिलाड़ी तेज गेंदबाज टी नटराज है। ऋषभ आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी बने, जिन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स से 27 करोड़ मिले। वहीं, वेंकटेश अय्यर इस लीग के इतिहास के चौथे सबसे ज्यादा कीमत पर बिकने वाले खिलाड़ी थे। उनको कोलकाता नाइट राइडर्स ने 23 करोड़ 75 लाख रुपये में खरीदा था। ऋषभने 14 मैचों में 269 रन बनाए और वेंकटेश अय्यर ने 11 मैचों की 7 पारियों में 142 रन बना सके। वहीं नटराजन को दिल्ली कैपिटल्स ने 10.75 करोड़ रुपये में नीलामी में खरीदा था पर इस गेंदबाज को केवल दो मैचों में खेलने का ही अवसर मिला। इनमें से भी एक मैच में गेंदबाजी की जरूरत नहीं पड़ी, क्योंकि मैच बारिश में धुल गया था। एक मैच में गेंदबाजी आई, जिसमें अपने कोटे के चार ओवरों में से सिर्फ 3 ओवर किए और 49 रन दिए। इसमें भी उसे कोई विकेट भी नहीं मिला। इस तरह नटराज दिल्ली कैपिटल्स के सबसे महंगे गेंदबाज रहे।



# पुर्तगाल बना नेशंस लीग चैंपियन, स्पेन को पेनल्टी शूटआउट में हराया

**म्यूनिख (एजेंसी)।** पुर्तगाल ने नेशंस लीग के रोमांचक फाइनल मुकाबले के 2-2 से बराबर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में स्पेन को 5-3 से हराकर खिताब अपने नाम किया। पुर्तगाल ने दो बार पिछड़ने के बाद मैच के वापसी करते हुए स्कोर को 2-2 से बराबर किया जिसके बाद यह मुकाबला अतिरिक्त समय में खिंच गया। अतिरिक्त समय में दोनों टीमें गोल करने में नाकाम रही।

पेनल्टी शूट में शुरुआती तीन गोल के बाद दोनों टीमें बराबरी पर थी लेकिन पुर्तगाल के गोलकीपर डिएगो कोस्टा ने स्पेन के लिए अल्वारो मोराटा की चौथी पेनल्टी बचाई, फिर रुबेन नेवेस ने अपनी टीम की पांचवीं पेनल्टी को गोल में बदलकर जीत सुनिश्चित कर दी। मोराटा एकमात्र खिलाड़ी था स्पॉट किक से गोल करने से चूक गए। अपने प्रयास के विफल होने के बाद वह भावनाओं पर काबू नहीं रख सकें और उनकी आंखें नम हो गई।

रोनाल्डो ने नियमित समय के 61वें मिनट में अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए करियर का 138वां अंतरराष्ट्रीय गोल करके पुर्तगाल को मुकाबले में बराबरी दिलाई। इससे पहले माइकल ओयारजाबल ने स्पेन को मध्यांतर से पहले तक बढ़त दिला दी थी। ओयारजाबल ने 45वें मिनट में पेड्री के बनाये मौके पर गोलकीपर कोस्टा को छकाते हुए स्पेन को मैच में दूसरी बार बढ़त दिलाई थी।



यूरोपीय चैंपियन स्पेन के आक्रमण में वह सामंजस्य और प्रवाह नहीं दिखा जो उसने बृहस्पतिवार को फ्रांस के खिलाफ सेमीफाइनल में 5-4 की जीत में दिखाया था। मैच के 21 में मिनट में टीम को किस्मत का साथ मिला जब युवा लामिने यामल के क्रॉस से निपटने में पुर्तगाल की रक्षापंक्ति नाकाम रही और मार्टिन जुबिमेंडी ने उसे गोल में बदल दिया। इसके पांच मिनट के बाद ही हालांकि नूनो मेंडेस ने गोल कर स्कोर को बराबर कर दिया। मेंडिस को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

इस 22 साल के खिलाड़ी ने टीम के लिए पहला गोल करने के बाद रोनाल्डो के गोल में सहायक की भूमिका निभाई और पूरे मैच के दौरान यामल पर नियंत्रण बनाये रखने में अहम योगदान दिया। उन्होंने पेनल्टी शूटआउट में आत्मविश्वास के साथ अपने मौके को गोल में बदला। इससे पहले कप्तान काइलियान एमबाप्पे के शानदार खेल के दम पर फ्रांस ने तीसरे स्थान के मैच में जर्मनी को 2-0 से हराया। रीयाल मैड्रिड के स्ट्राइकर एमबाप्पे ने अपने करियर का 50वां अंतरराष्ट्रीय गोल करने के साथ दूसरे गोल में सहायक की भूमिका अदा की जिससे फ्रांस ने जर्मनी को उसके घरेलू मैदान पर शिकस्त दी। मैच के शुरुआती हाफ में दबदबा बनाने के बावजूद जर्मनी की टीम गोल करने में विफल रही। ऑरेलियन चोउमेनी ने मध्यांतर से ठीक पहले क्लब टीम के साथी एमबाप्पे के लिए मौका बनाया जिसे इस दिग्गज खिलाड़ी ने गोल में बदल दिया। एमबाप्पे के बनाये मौके पर मैच के 84वें मिनट में स्थानापन्न माइकल ओलिसे ने गोल कर फ्रांस को दो गोल की बढ़त दिला दी।

# वसीम अकरम की मूर्ति को लेकर खड़ा हुआ विवाद

हैदराबाद । पाकिस्तान के हैदराबाद शहर स्थित नियाज स्टेडियम में स्थापित दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम की मूर्ति को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। हालांकि, मूर्ति का अनावरण अप्रैल 2025 में होना प्रस्तावित था, लेकिन इससे पहले ही इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं, जिसके बाद प्रशंसकों ने मूर्ति के चेहरे की बनावट पर सवाल उठाते हुए जमकर आलोचना की। मूर्ति में अकरम को उनके विशिष्ट गेंदबाजी एक्शन में दिखाया गया है, जिसमें वह 1999 के आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप की पाकिस्तान टीम की आधिकारिक जर्सी पहने नजर आ रहे हैं। वायरल हुई तस्वीरों में मूर्ति का चेहरा वसीम अकरम से मेल नहीं खा रहा, जिस वजह से यह इंटरनेट पर मीम्स और मजाक का विषय बन गया है। एक यूजर ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर कमेंट करते हुए लिखा कि ऐसा लगता है मानो वसीम अकरम को सिल्वेस्टर स्टेलोन के चेहरे के आधार पर गढ़ा गया हो। वहीं, एक अन्य यूजर ने अकरम की पाकिस्तान सुपर लीग के दौरान की एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वे अपनी टीम के खराब प्रदर्शन से खिन्न दिख रहे हैं, और मजाक में लिखा, 卐वसीम अकरम अभी।卐 कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने इस मूर्ति को अपडेट कराने की सलाह तक दे डाली। वसीम अकरम का क्रिकेट में योगदान बेहद अहम रहा है। उन्होंने 1984 से 2003 के बीच पाकिस्तान की राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व किया और अपने करियर में 414 टेस्ट और 502 वनडे विकेट चटकाए। उन्हें न केवल पाकिस्तान का बल्कि विश्व क्रिकेट का सर्वश्रेष्ठ बाएं हाथ का तेज गेंदबाज माना जाता है। 1992 के विश्व कप में उनकी भूमिका निर्णायक रही थी, जहां उन्होंने 10 मैचों में 18 विकेट लेकर पाकिस्तान को पहली और अब तक की एकमात्र वनडे विश्व कप ट्रॉफी जिताने में बड़ी भूमिका निभाई थी। इसके अलावा, उन्होंने 1999 में पाकिस्तान को विश्व कप फाइनल तक पहुंचाया, हालांकि वह खिताब जीतने में असफल रहे। मगर जिस मूर्ति के जरिए उनकी उपलब्धियों को सम्मानित किया जाना था, वही अब आलोचना का विषय बन गई है।



# राहुल ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरी पारी में भी अर्धशतक लगाया

नॉर्थेम्प्टन । केएल राहुल ने यहां इंग्लैंड लायंस के खिलाफ इंडिया ए की ओर से दूसरे मैच में भी शानदार बल्लेबाजी की है। पहली पारी में शतक लगाने वाले राहुल ने दूसरी पारी में भी अर्धशतक लगाया। इससे अब राहुल ने 20 जून से शुरु हो रहे पहले टेस्ट के लिए सलामी बल्लेबाजी के तौर पर अपनी दावेदारी पेश की है। राहुल ने दूसरे अनअधिकृत मैच के तीसरे दिन दूसरी पारी में 51 रन बनाये। राहुल ने यशस्वी के साथ पहले विकेट के लिए 11 रन की साझेदारी की जबकि कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 88 रन बनाये। वहीं ईश्वरन ने भी शानदार अर्धशतक लगाया। वहीं दूसरी पारी में करुण नायर केवल 15 रन ही बना पाये। इंडिया ए ने दिन का खेल समाप्त हो के समय तक दूसरी पारी में 4 विकेट पर 163 रन बना लिए थे। ध्रुव जुरेल 6 रन और नीतीश कुमार रेड्डी एक रन बनाकर खेल रहे थे। वहीं अभिमन्यु ईश्वरन ने 80 रन बनाये। राहुल ने पहली पारी में 168 गेंदों पर से 15 चौकों और एक छक्का लगाकर 116 रन बनाये थे। राहुल का लय हासिल करना भारतीय टीम के लिए अच्छा संकेत हैं।

# मैगनस कार्लसन नें रिकॉर्ड 7वीं बार जीता नॉर्वे शतरंज का खिताब, गुकेश रहे तीसरे स्थान पर

**स्टावेंगर, नॉर्वे (एजेंसी)।** साल के सबसे मजबूत सुपर ग्रांड मास्टर टूर्नामेंट नॉर्वे शतरंज का अंत बेहद नाटकीय अंदाज में हुआ जहां खिताब के दोनों प्रमुख दावेदार विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन और डी विश्व चैम्पियन डी गुकेश को हार का सामना करना पड़ा और ऐसे में कार्लसन विजेता बनने में कामयाब रहे।

अर्जुन नें रोका कार्लसन का रथ - भारत के नंबर एक और दुनिया के नंबर 3 खिलाड़ी अर्जुन एरीगैसी सफ़ेद मोहरो से मैगनस का सामना कर रहे थे, पिछली बार वह कार्लसन से पांचवें राउंड में पराजित हो गए थे इस बार सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए पहले तो उन्होने कार्लसन से क्लासिकल में ड्रॉ पर रोका और फिर उन्हे टाईब्रेक आर्मगोडेन में मात देते हुए जीत के साथ अपना अभियान समाप्त किया। इस हार के बाद भी कार्लसन को क्लासिकल का एक अंक मिला और वह 16 अंको पर पहुँच गए। ऐसे में गुकेश के पास मौका था की वह कारुआना को हराए और विजेता बन जाये।

करूआना के खिलाफ गुकेश नें काले मोहरो से इटेलिअन ओपनिंग में थोड़ा हटकर रास्ता बनाने की कोशिश की और राजा को वजीर के हिस्से में किलेबंदी करके ले गए जबकि करूआना नें राजा के हिस्से में किलेबंदी करते हुए अपने राजा को रखा और गुकेश पर हमला करना शुरू कर दिया। उन्होने अपना हाथी देकर गुकेश का एक ऊंट और घोडा ले लिया, इन सबके बावजूद गुकेश नें अपना एक प्यादा तेजी से वजीर बनाने के लिए आगे बढ़ा दिया और खेल की 48वीं चाल में जब गुकेश के पास सिर्फ 7 सेकंड बाकी थे वह बड़ी गलती कर बैठे अपना हाथी मुफ्त में दे बैठे और इस तरह वह ख़िताबी दौड़ से बाहर होकर 14.5 अंको के साथ तीसरे स्थान पर रहे

और कार्लसन 16 अंको के साथ विजेता जबकि करूआना 15.5 अंको के साथ दूसरे स्थान पर रहे। यूएसए के हिकारु नाकामुरा 14 अंक बनाकर चौंथे,अर्जुन 13 अंक बनाकर पांचवें और चीन के वे यी 9.5 अंक बनाकर आखिरी छठे स्थान पर रहे।

### महिला वर्ग - उक्रेन की एना मुज़्युचुक नें जीता खिताब, भारत को हम्पी तीसरे स्थान पर रही

महिला वर्ग में उक्रेन की एना 16.5 अंक बनाकर खिताब जीतने में सफल रही भारत की आर वैशाली नें उन्हे अंतिम दिन क्लासिकल में ड्रॉ खेलने के बाद टाईब्रेक में पराजित किया पर एना सर्वाधिक अंको के साथ पहला स्थान हासिल करने में सफल रही। हालांकि की भारत की कोनेरु हम्पी नें शानदार खेल दिखाया और विश्व चैम्पियन चीन की जु वेंजून को टाईब्रेक में हराकर 1.5 और जोड़े पर वह 15 अंको के साथ तीसरे स्थान पर रही जबकि चीन की लेई टिंगजे 16 अंक बनाकर दूसरे स्थान पर रही। विश्व चैम्पियन जु वेंजून 13.5 अंको के साथ चौंथे, वैशाली 11 अंको के साथ पांचवें और स्पेन की सरासदात 9 अंक बनाकर आखिरी स्थान पर रही।




# सुदर्शन को तीसरे नंबर पर उतारे भारतीय टीम : क्लार्क

सिडनी । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने कहा है कि आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज साई सुदर्शन को भारतीय टीम तीसरे नंबर पर उतारे। सुदर्शन ने आईपीएल के 18 वें सत्र में 15 मैचों में सबसे ज्यादा 759 रन बनाए हैं। इसी के बाद सुदर्शन को इंग्लैंड के लिए भारतीय टीम में जगह मिली थी। वहीं भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल इस सीरीज में विराट कोहली की जगह पर चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए नजर आ सकते हैं। विराट ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। क्लार्क ने कहा, मेरे लिए साई सुदर्शनसुपरस्टार है मुझे लगता है कि वह टेस्ट क्रिकेट में तीसरे नंबर के लिए है। मेरे हिसाब से आने वाले समय में वह भारत के लिए टी20 और वनडे में पारी की शुरुआत करने वाला है। वह उनकी टेस्ट टीम में हैं। उन्हें इंग्लैंड में पहली बार अवसर मिला है। आईपीएल 2025 में साई सुदर्शन का प्रदर्शन शानदार रहा था। इस क्रिकेटर ने 15 मैचों में 54.21 के औसत से 759 रन बनाए थे। उन्होंने गुजरात टाइटंस के लिए सत्र में एक शतक और 6 अर्धशतक लगाए थे। गुजरात की टीम प्लेऑफ में चौथे नंबर पर रही थी। क्लार्क ने कहा, मुझे लगता है कि वह टीम में सीधे तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आ सकता है। मुझे लगता है कि तकनीकी रूप से वह बहुत अच्छा है, उसके पास सभी शॉट हैं और मानसिक रूप से वह तैयार है। उसने मुझे वास्तव में प्रभावित किया और वह एक अच्छा दिखने वाला खिलाड़ी भी है।





## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया 4 पैसे की गिरावट के साथ ही 85.67 पर बंद हुआ। आज सुबह कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के दौरान सोमवार को रुपया शुरुआती कारोबार में चार पैसे की गिरावट के साथ 85.72 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में आधा फीसदी की बड़ी कटौती से शुरुआत में रुपये को कुछ फायदा हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.61 प्रति डॉलर पर खुला। हालांकि, बाद में यह चार पैसे के नुकसान के साथ 85.72 प्रति डॉलर पर आ गया। शुक्रवार को रुपया 11 पैसे की बढ़त के साथ 85.68 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह अन्य मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी मुद्रा का आकलन करने वाला डॉलर सूचकांक 0.16 फीसदी की गिरावट के साथ 99.02 पर कारोबार कर रहा था।

## एक रुपए के सिक्के की लागत उसकी कीमत से काफी अधिक- रिपोर्ट

**नई दिल्ली।**

भारतीय मुद्रा प्रणाली में एक रुपये के सिक्के की लागत उसकी कीमत से काफी अधिक होती है। रिजर्व बैंक के अनुसार हर एक रुपये के सिक्के बनाने में सरकार को करीब 1.11 रुपये का नुकसान होता है। यह मामला सिर्फ एक रुपये तक ही सीमित नहीं है। दूसरे सिक्कों की लागत भी उनकी कीमत से अधिक होती है। भारत सरकार मुख्य रूप से मुंबई और हैदराबाद में सिक्कों का निर्माण करती हैं। एक रुपये का सिक्का स्टेनलेस स्टील से बनाया जाता है, जिसका वजन करीब 3.76 ग्राम, व्यास 21.93 मिमी, और मोटाई 1.45 मिमी होती है। यह सिक्का वर्षों तक उपयोग में रह सकता है, जिससे इसकी टिकाऊ प्रकृति साफ झलकती है। सरकार को हर सिक्के पर घाटा हो रहा है फिर भी इनका निर्माण जारी रखती है क्यों कि सिक्के नोटों की तुलना में काफी ज्यादा समय तक चलते हैं। जहां नोटों को कुछ सालों में बदलना पड़ता है, वहीं सिक्के दशकों तक प्रचलन में रहते हैं। यानी एक बार लागत जरूर आती है, लेकिन दीर्घकालिक रूप से यह ज्यादा किफायती और व्यवहारिक साबित होता है।

## कच्चा तेल 5,469 रुपए प्रति बैरल

**नई दिल्ली।**

हाजिर बाजार में कमजोर मांग को देखते हुए कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को कम किया, जिससे सोमवार को कच्चे तेल का वायदा भाव हल्की गिरावट लेकर 5,469 रुपये प्रति बैरल पर आ गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जुलाई डिलिवरी वाले कच्चे तेल का भाव एक रुपये की गिरावट के साथ 5,469 रुपये प्रति बैरल पर आ गया, जिसमें 6,210 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में कमजोर मांग के बीच कारोबारियों द्वारा अपने सौदे कम करने के बाद कच्चे तेल की वायदा कीमतों पर असर पड़ा। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 64.54 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था, जबकि ब्रेंट क्रूड न्यूयॉर्क में मामूली रूप से 0.08 डॉलर गिरकर 66.42 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

## धनिया का भाव 48 रुपए महंगा

**नई दिल्ली।**

हाजिर बाजार में मांग बढ़ने से कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को बढ़ाया जिससे सोमवार को वायदा कारोबार में धनिया की कीमत 48 रुपये बढ़कर 7,162 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। एनसीडीईएक्स में जून डिलिवरी वाले धनिया अनुबंध की कीमत 48 रुपये अथवा 0.67 प्रतिशत बढ़कर 7,162 रुपये प्रति क्विंटल हो गई, जिसमें 13,885 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में मजबूती के रुख तथा उत्पादक क्षेत्रों से सीमित आपूर्ति के कारण धनिया कीमतों में तेजी आई।

# चीन से रोक के बाद भारत अब मैग्नेट आयात के तलाश रहा वैकल्पिक स्रोत

### चीन ने सात भारी और मध्यम दुर्लभ खनिज और मैग्नेट के निर्यात पर लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली।**

चीन से आपूर्ति में व्यवधान की वजह से भारत अब मैग्नेट आयात करने के वैकल्पिक स्रोत की तलाश कर रहा है।

एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि फिलहाल कोई अस्थायी घरेलू विकल्प मौजूद नहीं होने की वजह से यह कवायद की जा रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा चीन पर लगाए गए भारी जवाबी शुल्क के बाद चीन ने 4 अप्रैल से सात भारी और मध्यम दुर्लभ खनिज और मैग्नेट के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। इनमें सैमेरियम, गैडोलीनियम, टेरबियम, डिस्प्रोसियम, ल्यूटेटियम, स्कैनडियम और यिट्रिटियम शामिल हैं, जिनका उपयोग रक्षा, ऊर्जा और वाहन में किया जाता है।

चीनी कंपनियों को अब इनके निर्यात के लिए रक्षा लाइसेंस प्राप्त करने की जरूरत है। हालांकि, भारत ने यह आश्वासन दिया था कि इन मैग्नेट का उपयोग रक्षा विनिर्माण में नहीं होगा, बल्कि केवल वाहन विनिर्माताओं द्वारा घरेलू उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

फिर भी चीन इन मैग्नेट के संभावित सैन्य उपकरणों में प्रयोग और अमेरिका को निर्यात के बारे में चिंतित है। संभावित देशों के नाम नहीं जाहिर करते हुए अधिकारी ने कहा कि केंद्र सरकार इस मसले को हल करने के लिए चीन के साथ बातचीत कर रही है।

मगर इसके अलावा भी हम व्यवहार्य विकल्पों पर विचार कर हैं, क्योंकि कोई घरेलू विकल्प मौजूद नहीं है। उल्लेखनीय है कि चीन के पास दुनिया का करीब आधा दुर्लभ भंडार है, 70 फीसदी निष्कर्षण क्षमता और 90 फीसदी प्रसंस्करण क्षमता है।

## टाटा स्टील अपने यूके प्लांट में कम कार्बन उत्सर्जन वाला ईएएफ लगाएगा

### नया प्लांट रीसाइकल किए गए स्क्रैप का उपयोग करेगा

**नई दिल्ली।**

टाटा स्टील ने अपने यूके स्थित पोर्ट टालबोट प्लांट में कम कार्बन उत्सर्जन वाला इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस (ईएएफ) लगाने की योजना बनाई है। यह प्लांट जुलाई 2025 से बनना शुरू होगा और 2027 तक इसका संचालन शुरू हो जाएगा। कंपनी ने अपनी वित्त वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार यह नया प्लांट रीसाइकल किए गए स्क्रैप का उपयोग करेगा और इससे 90 फीसदी तक साइट पर कार्बन उत्सर्जन में कटौती संभव होगी। सालाना 3.2 मिलियन टन कम-उत्सर्जन स्टील उत्पादन की क्षमता वाले इस प्रोजेक्ट से अगले 10 वर्षों में 50 मिलियन टन से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आने का अनुमान है। कंपनी ने बताया कि यह बदलाव लागत को काबू में रखने की रणनीति के साथ किया जा रहा है। टाटा स्टील का लक्ष्य है कि वित्त वर्ष 25 में 762 मिलियन के फिक्स्ड कॉस्ट को अगले साल 540 मिलियन तक घटा दिया जाए।

## एयरटेल ने डिजीटल धोखाधड़ी रोकने आरबीआई और एनपीसीआई को पत्र लिखा

**मुंबई।**

भारती एयरटेल ने डिजिटल धोखाधड़ी को रोकने के लिए 40 बैंकों, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) को पत्र लिखा है। इसमें एयरटेल ने कहा है कि उसने एक ऐसा डेटाबेस तैयार करने की योजना बनाई है, जिसमें धोखाधड़ी वाले वित्तीय डोमेन की जानकारी होगी। इसके अलावा एयरटेल ने डिजिटल धोखाधड़ी के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने और सुरक्षित डिजिटल कामकाज को बढ़ावा देने का प्रस्ताव भी रखा है। एयरटेल ने 15 मई को एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित सुरक्षा प्लेटफॉर्म लॉन्च किया था, जो धोखाधड़ी वाली वेबसाइट्स को रीयल-टाइम में ब्लॉक करता है। कंपनी का दावा है कि यह दुनिया का पहला ऐसा प्लेटफॉर्म है। इसे सबसे पहले हरियाणा में शुरू किया गया है और जल्द ही इसे पूरे भारत में लागू किया जाएगा। यह प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप, टेलीग्राम, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ईमेल, वेब ब्राउजर और एसएमएस जैसे कई संचार माध्यमों पर काम करता है। एयरटेल ने एनपीसीआई को पत्र लिखकर डिजिटल पेमेंट सिस्टम को और सुरक्षित बनाने के लिए साझेदारी का प्रस्ताव दिया है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुंबई।**




भारतीय शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही बैंकिंग, फाइनेंस, एनर्जी और आई टी शेयरों में आई तेजी से बाजार उछला है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 256 अंकों की बढ़त के साथ ही 82,445.21 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई पर निफ्टी 0.40 फीसदी बढ़कर 25,103.20 पर बंद हुआ.

आज के कारोबार के दौरान निफ्टी पर बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, जियो फाइनेंशियल, ट्रेंट के शेयर सबसे अधिक लाभ में रहे। वहीं आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन कंपनी, एमएंडएम, भारती एयरटेल के शेयर नुकसान में रहे। रियल्टी के अलावा शेष सभी सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए. जिनमें आईटी, पीएसयू बैंक 1-1 फीसदी ऊपर रहे। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में 1-1 फीसदी की बढ़त रही। बाजार में उत्साह का माहौल आरबीआई के रेपो दर में 50 आधार अंकों और सीआरआर में 100 आधार अंकों की कटौती करने के कारण दुनिया भर के बाजारों में पड़े प्रभाव से आया है। वहीं एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.92 फीसदी की तेजी के साथ 38,088 पर और कोरिया का कोस्पी 1.55 फीसदी बढ़कर 2,855 पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 1.63 फीसदी की बढ़त के साथ 24,181 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.43 फीसदी की तेजी के साथ 3,399 पर बंद हुआ। ऑस्ट्रेलियाई बाजार सार्वजनिक अवकाश के कारण बंद हैं। अमेरिकी बाजारों में वॉल स्ट्रीट के प्रमुख इंडेक्स शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए। उम्मीद से बेहतर गैर-कृषि पेरोल डेटा ने आर्थिक मंदी की आशंकाओं को कम करने के चलते वॉल स्ट्रीट में तेजी आई। डाऊ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 1.05 फीसदी की वृद्धि हुई, एसएंडपी 500 में भी 1.03 फीसदी की वृद्धि हुई तथा नैस्डैक कंपोजिट में 1.20 फीसदी की तेजी आई।

इससे पहले आज सुबह बाजार मजबूती के साथ खुले। रिजर्व बैंक के रेपो रेट में 0.5 फीसदी की बड़ी कटौती और कैश रिजर्व रेश्यो घटाने के फैसले का भी बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। सुबह सेंसेक्स 300 से ज्यादा अंक चढ़कर 82,574.55 अंक पर खुला। खुलते ही इसमें तेजी देखी गई। शुरुआत के बाद यह 314.82 अंक बढ़कर 82,503.81 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी 25 हजार के पार खुला। सुबह शुरुआत के बाद यह 91.05 अंक की बढ़त लेकर 25,111 पर कारोबार कर रहा था।

# सोने-चांदी के भाव में गिरावट!

### सोने का भाव गिरकर 96400 रुपए, चांदी 1 लाख के पार

**नई दिल्ली।**

सप्ताह के पहले दिन सोमवार को कारोबार के शुरुआत में सोने-चांदी के वायदा भाव में नरमी देखने को मिल रही है। चांदी के भाव मामूली तेजी के साथ खुलने के बाद लुढ़क गए। सोने के भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। घरेलू बाजार में सोने के भाव 96,400 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,05,200 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना-चांदी नरमी के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रेक्ट 176 रुपये की गिरावट के साथ 96,860 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 97,036 रुपये था। इस समय यह कॉन्ट्रेक्ट 638 रुपये की गिरावट के साथ 96,398 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रेक्ट एक रुपये की मामूली तेजी के साथ 1,05,460 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,05,459 रुपये था। इस समय यह 220 रुपये की गिरावट के साथ 1,05,239 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी के वायदा भाव तेज शुरुआत के बाद लुढ़क गए। सोने की कीमतों में भी गिरावट देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोना 3,333.40 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,346.60 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 27.50 डॉलर की गिरावट के साथ 3,319.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है। कॉमेक्स




पर चांदी के वायदा भाव 36.16 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 36.13 डॉलर था। इस समय यह 0.02 डॉलर की गिरावट के साथ 36.11 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। खबर लिखे जाने के समय कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 36.26 डॉलर के भाव पर दिन के और इस साल के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गए।

## चीन के निर्यात में तेजी, अमेरिका के साथ व्यापार में आई कमी

**बीजिंग।**

मई महीने में चीन के निर्यात में वृद्धि दर्शाती हुई रिपोर्ट जारी की गई है। इसके विपरीत चीन का अमेरिका को निर्यात 10 प्रतिशत कम है, जैसा कि विभागीय आंकड़ों से पता चला है। चीन के निर्यात मई महीने में पिछले साल की तुलना में 4.8 प्रतिशत बढ़ गया है, जबकि चीन के आयात में 3.4 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। इस समय चीन का अमेरिका को निर्यात 28.8 अरब डॉलर रहा है, जबकि चीन का अमेरिका से आयात 7.4 प्रतिशत घटकर 10.8 अरब डॉलर हुआ है। अप्रैल में वृद्धि के बाद, मई महीने में चीन के वैश्विक निर्यात में धीमी गति देखने को मिल रही है। आगामी सोमवार, ब्रिटेन में चीन और अमेरिका के बीच एक वार्ता होगी, जिसमें चीनी उप-प्रधानमंत्री हुई लेइफेंग भाग लेंगे। साथ ही अमेरिका की टीम में वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट, वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक, और व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीयर भी शामिल होंगे। पिछले हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के नेता शी जिनपिंग के बीच एक अच्छी बातचीत हुई थी। इसे एक सकारात्मक माना गया था।

# एयरटेल ने आरबीआई, एनपीसीआई से डिजिटल पेमेंट को और सुरक्षित बनाने के लिए साझेदारी का भेजा प्रस्ताव

**नई दिल्ली।**

भारती एयरटेल ने डिजिटल धोखाधड़ी को रोकने बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने 40 बैंकों, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) को पत्र लिखा है।

इसमें एयरटेल ने दावा किया है कि उसने एक ऐसा डेटाबेस तैयार करने की योजना बनाई है, जिसमें धोखाधड़ी वाले वित्तीय डोमेन की जानकारी होगी। इसके अलावा, एयरटेल ने डिजिटल धोखाधड़ी के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने और सुरक्षित डिजिटल कामकाज को बढ़ावा देने का प्रस्ताव भी रखा है।

एयरटेल ने 15 मई को एआई आधारित सुरक्षा प्लेटफॉर्म लॉन्च किया था, जो धोखाधड़ी वाली वेबसाइट्स को रीयल-टाइम में ब्लॉक करता है। कंपनी का दावा है कि यह दुनिया का पहला ऐसा प्लेटफॉर्म है।

इसे सबसे पहले हरियाणा में शुरू किया गया और जल्द ही इसे पूरे भारत में लागू किया जाएगा। यह प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप, टेलीग्राम, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ईमेल, वेब ब्राउजर और एसएमएस जैसे कई संचार माध्यमों पर काम करता है।

एयरटेल ने एनपीसीआई को पत्र लिखकर डिजिटल पेमेंट सिस्टम को और सुरक्षित बनाने के लिए साझेदारी का प्रस्ताव दिया है। कंपनी के वाइस चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर ने एनपीसीआई के सीईओ को लिखे पत्र में कहा गया है कि दोनों संस्थान मिलकर धोखाधड़ी वाले डोमेन का डेटाबेस बना सकते हैं, जिससे ऐसी वेबसाइट्स को पहले ही ब्लॉक किया जा सके। इसके साथ ही, एयरटेल ने जागरूकता अभियान और वर्कशॉप के जरिए लोगों को फिशिंग और अन्य डिजिटल धोखाधड़ी से बचाने की योजना बनाई है।

आरबीआई को लिखे पत्र में केंद्रीय बैंक के मुलेहंटरएआई सिस्टम की तारीफ की, जो अवैध लेनदेन वाले खातों की पहचान करता है। उन्होंने कहा कि एयरटेल का फ्रॉड डिटेक्शन सिस्टम इस पहल को और मजबूत कर सकता है। कंपनी ने ओवर-द-टॉप (ओटीटी) प्लेटफॉर्म्स पर धोखाधड़ी के जोखिमों को लेकर चिंता जताई और सुझाव दिया कि वित्तीय लेनदेन सुरक्षित टेलीकॉम नेटवर्क पर ही होने चाहिए। एयरटेल ने रिलायंस जियो और वोडाफोन आइडिया को भी टेलीकॉम धोखाधड़ी रोकने के लिए संयुक्त पहल का प्रस्ताव दिया था। बता दें देश में 2024 के पहले नौ महीनों में 1.7 मिलियन साइबर अपराध की शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें 11,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ।

## नई सीपीआई सीरीज में ऑनलाइन बाजार का भी होगा डेटा



**नई दिल्ली।**

संशोधित उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) श्रृंखला को ज्यादा प्रभावी बनाने के लिए ज्यादा बाजारों से मूल्य संबंधित आंकड़े जुटाए जाएंगे। फिलहाल देश भर में 2,300 बाजारों से इस तरह के आंकड़े जुटाए जाते हैं जिनकी संख्या बढ़ाकर 2,900 की जाएगी। आधिकारिक सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। यही नहीं नई सीपीआई श्रृंखला में ऑनलाइन बाजार का भी डेटा होगा। फिलहाल राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के क्षेत्रीय संचालन प्रकोष्ठ द्वारा चुने गए 1,181 गांवों और 310 शहरों-कस्बों के 1,114 बाजारों से मासिक मूल्य के आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। फरवरी 2026 में पेश की जाने वाली नई श्रृंखला 25 लाख से अधिक आबादी वाले 12 शहरों के ऑनलाइन बाजारों से भी मूल्य संबंधी आंकड़े जुटाएगी। अधिकारी ने कहा कि भौतिक बाजारों की संख्या करीब 25 फीसदी बढ़ाई जा रही है, साथ ही हम 12 प्रमुख आबादी वाले शहरों में ऑनलाइन मूल्य के आंकड़े एकत्र करेंगे, जिससे हमें ई-कॉमर्स क्षेत्र में प्रचलित कीमतों का पता चलेगा। 2011 की जनगणना के अनुसार इन 12 शहर में मुंबई, दिल्ली, बेंगलूरु, हैदराबाद, अहमदाबाद, चेन्नई, कोलकाता, सूरत, पुणे, जयपुर, लखनऊ और कानपुर शामिल हैं। अधिकारी ने कहा, 'हम ऑनलाइन बाजार में भारी छूट, बिक्री, ऑफर आदि के कारण होने वाले कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव को ध्यान में रखेंगे। हम इस पर विचार-विमर्श कर रहे हैं।

# सैमसंग जल्द लांच करेगी नया फोल्डेबल स्मार्टफोन



**नई दिल्ली।**

साउथ कोरिया की कंपनी सैमसंग बहुत जल्द अपना नया फोल्डेबल स्मार्टफोन लॉन्च करने जा रहा है। हाल ही में सैमसंग कंपनी ने एक टीजर भी जारी किया है। ताजा टीजर में दिखाया गया डिवाइस कंपनी के अब तक के फोल्डेबल फोन्स में सबसे पतला हो सकता है। माना जा रहा है कि इस अपकमिंग स्मार्टफोन का नाम गैलेक्सी झेडफोल्ड 7 अल्ट्रा होगा। सैमसंग इसे अपने बहुप्रतीक्षित गैलेक्सी अनपेक्ड इवेंट में पेश कर सकती है, जो जुलाई की शुरुआत में न्यू यॉर्क में आयोजित होने की संभावना है। इस इवेंट में गैलेक्सी झेडफोल्ड 7, झेड फलीप 7 और झेड फलीप 7 एफई को भी लॉन्च किया जा सकता है। कंपनी ने टीजर में फोन के सटीक डाइमेंशन तो नहीं बताए हैं, लेकिन यह संकेत जरूर दिया है कि इसका प्रोफाइल पहले के सभी फोल्डेबल फोनों से पतला होगा। गैलेक्सी झेड फोल्ड (5.6एमएम) और फोल्ड स्पेशल एडिशन (4.9एमएम) की तुलना में यह डिवाइस और भी ज्यादा स्लिम हो सकता है। इसके डिजाइन को लेकर यह भी कहा जा रहा है कि यह फोन पिछले साल चीन और साउथ कोरिया में लॉन्च किए गए सैमसंग डब्ल्यू25 से काफी मिलता-जुलता होगा। फोन में 8 इंच का मेन डिस्प्ले और 6.5 इंच का कवर डिस्प्ले होने की संभावना है। कैमरा सेटअप की बात करें तो इसमें 200 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा दिया जा सकता है। साथ ही, इसमें 16जीबी रैम और एआई-बेस्ड मल्टीटास्किंग फीचर्स जैसे वॉइस कंट्रोल भी मिल सकते हैं। कंपनी ने टीजर में इन एआई क्षमताओं को खासतौर पर हाइलाइट किया है।

# भारतीय कंपनियों ने 2025 में अपने शेयरधारकों को दिया ज्यादा डिविडेंड

### मुनाफे में कमी के बावजूद निवेशकों में बांट दिये 5 लाख करोड़

**नई दिल्ली।**

पिछले वित्त वर्ष में आय और मुनाफा नरम रहने के बावजूद भारतीय कंपनियों ने अपने शेयरधारकों को ज्यादा डिविडेंड का भुगतान किया है।

देश की प्रमुख सूचीबद्ध कंपनियों ने वित्त वर्ष 2025 में कुल 5 लाख करोड़ रुपये का डिविडेंड भुगतान किया, जो 2024 के मुकाबले 10.8 फीसदी अधिक है। इन कंपनियों का कुल मुनाफा भी वृद्धि करके 16 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा है।

इस साल कंपनियों ने अपने शेयरधारकों को कुल 5.08 लाख करोड़ रुपये का भुगतान किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.7 फीसदी अधिक है परंतु सालाना भुगतान अनुपात में गिरावट आईटी कंपनियों द्वारा पुनर्खरीद बंद करने के कारण हुई है। विश्लेषकों का कहना है कि इस वर्ष कंपनियां उच्च लाभांश भुगतान के माध्यम से बाजार को संतुलित रखने की कोशिश कर रही हैं। आईटी क्षेत्र में शेयर पुनर्खरीद में कमी आने के बावजूद, अन्य क्षेत्रों में कंपनियां राजस्व और मुनाफे में नरमी से समर्थन दे रही हैं।



# धूम 4 में नए लुक में नजर आएंगे रणबीर कपूर

रणबीर कपूर फिल्म धूम 4 में नजर आने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म में उनका लुक पूरी तरह से नया और अलग होगा, जिसकी तैयारी उन्होंने शुरू भी कर दी है। अब हालिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि धूम 4 अब तक की सभी धूम फिल्मों से बड़ी साबित होने वाली है और इसकी कहानी भी काफी एक्शन से भरपूर होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, आदित्य चोपड़ा धूम 4 की कहानी और स्क्रीनप्ले श्रीधर राघवन के साथ मिलकर तैयार कर रहे हैं। वे फिलहाल ऐसी कहानी के ड्राफ्ट पर काम कर रहे हैं, जो इस रीबूट (किसी पुरानी फिल्म, सीरीज या फ्रेंचाइजी को नई शुरुआत देना) को लेकर दर्शकों की उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरे। रिपोर्ट में रणबीर और उनके रोल के बारे में कहा कि रणबीर इस फिल्म के लिए बिल्कुल सही हैं। उनका रोल उनकी पर्सनैलिटी के हिसाब से बनाया गया है। नई धूम फिल्म की एक्शन और कहानी ऐसी होगी जो दुनिया के बेहतरीन एक्शन फिल्मों के स्तर पर खड़ी होगी। साथ ही इस फिल्म का अंदाज और दिखावट पहले की ङ्कक्रस्न स्पाई यूनिवर्स फिल्मों से पूरी तरह अलग होगा। वहीं, 2026 की गर्मियों से धूम 4 की शूटिंग शुरू करेंगे

## फैंस ने जताई खुशी

इस अनाउंसमेंट के बाद यूजर्स के रिएक्शन भी सामने आने लगे हैं। कुछ ने फिल्म में रणबीर कपूर के होने पर खुशी जताई है, जबकि कुछ ने फिल्म में ऋतिक रोशन को कास्ट करने की मांग की है। बताते चलें कि धूम फ्रेंचाइजी की 3 फिल्में, धूम, धूम 2 और धूम 3 रिलीज हो चुकी हैं। पहली फिल्म में अभिषेक बच्चन, जॉन अब्राहम, उदय चोपड़ा अहम किरदारों में थे, जबकि दूसरी फिल्म धूम 2 में अभिषेक बच्चन, ऋतिक रोशन और ऐश्वर्या राय लीड रोल में थे। साल 2013 में रिलीज हुई धूम 3 में आमिर खान ने डबल रोल निभाया था, जबकि उनके साथ कटरीना कैफ भी थीं।

## रणबीर कपूर के खाते में कई बड़ी फिल्में

आने वाले सालों में रणबीर कपूर कई बड़ी फिल्मों में नजर आने वाले हैं। फिलहाल उनके पास नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही मेगाबजट फिल्म रामायण है, जिसमें वो भगवान श्री राम का रोल प्ले करेंगे। इसके अलावा वो संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल पार्क में भी नजर आने वाले हैं। कुछ समय पहले ही रणबीर ने संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर साइन की है, जिसमें वो विक्की कौशल और आलिया भट्ट के साथ नजर आने वाले हैं। साथ में वो ब्रह्मास्त्र: पार्ट 2 देव में भी दिखेंगे।



# श्रीलीला को साउथ में झटका, दो बड़ी फिल्मों से हुई बाहर

दक्षिण भारतीय सिनेमा में इन दिनों मीनाक्षी चौधरी का जलवा साफ दिख रहा है। 'लकी भास्कर' में दुलकर सलमान के साथ और 'द ग्रेटेस्ट ऑफ आल टाइम्स' में विजय के साथ अपने प्रभावशाली अभिनय से पहचान बना चुकी मीनाक्षी साउथ सिनेमा के निर्देशकों की पहली पसंद अरसे से रही हैं। लेकिन, बैक टू बैक दो फिल्मों में उन्हें जब से श्रीलीला की जगह कास्ट किया गया है, इस कास्टिंग कू की हलचल मुंबई तक चर्चा का विषय बन रही है।

एक समय था जब दक्षिण भारतीय फिल्म जगत में श्रीलीला का जादू सिर चढ़कर बोल रहा था, खासकर 'किस्सिक' जैसे हिट गीतों के चलते। लेकिन अब उसी स्पॉटलाइट में मीनाक्षी चौधरी की दमदार मौजूदगी नजर आ रही है। मीनाक्षी ने हाल ही में श्रीलीला को दो बड़ी फिल्मों से रिप्लेस किया है, और यह कोई संयोग नहीं बल्कि उनके बढ़ते प्रभाव का परिचायक है। पहली फिल्म है निर्देशक कार्तिक डंडू की अगली फिल्म जिसमें मीनाक्षी को नागा चैतन्य के साथ मुख्य भूमिका में लिया गया है। बताया जा रहा है कि 'ग्रेटेस्ट ऑफ आल टाइम' में उनके शानदार अभिनय को देखकर ही निर्माता-निर्देशक उन्हें पहली पसंद मान रहे थे। आखिरकार, वही हुआ। मीनाक्षी को इस बहुप्रतीक्षित फिल्म की मुख्य अभिनेत्री के तौर पर फाइनल कर लिया गया। दूसरी फिल्म है 'अनगनागा ओका राजू', जिसमें पहले श्रीलीला को नवीन पोलीशेट्टी के साथ कास्ट किया गया था। टीज़र रिलीज होने के बाद भी फिल्म कुछ समय के लिए ठंडे बस्ते में चली गई थी, वजह बनीं श्रीलीला की डेट्स की परेशानी। इस मौके का लाभ उठाते हुए, मीनाक्षी ने न केवल फिल्म में जगह बनाई, बल्कि नए टीजर में उनकी और नवीन की ताजगी से भरी कैमिस्ट्री ने दर्शकों का दिल जीत लिया। सूत्रों की मानें तो तेलुगु और तमिल फिल्म जगत के साथ साथ हिंदी सिनेमा की भी 2026 में रिलीज होने वाली कई बड़ी परियोजनाओं के लिए मीनाक्षी पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। श्रीलीला भले इन दिनों टी सीरीज की अनाम फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ काम कर रही हों, लेकिन प्रोडक्शन से जुड़े सूत्रों की मानें तो उनकी शोहरत और उनकी काबिलियत में संतुलन बनता दिख नहीं रहा। श्रीलीला का नाम पहले फिल्म'स्पिरिट' के लिए भी चला था लेकिन तृप्ति डिमरी ने वहां बाजी मार ली।

# खुद की देखभाल शुरू करने के लिए उम्र बाधा नहीं

कैंसर से जंग जीत चुकीं अभिनेत्री मनीषा कोइराला ने अपने प्रशंसकों को प्रेरित करते हुए कहा है कि खुद की देखभाल शुरू करने के लिए उम्र कोई बाधा नहीं है। 54 वर्षीय अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी जिम की तीन तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह अपनी दोस्त के साथ एथलीजर पहने नजर आईं। उन्होंने अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए शरीर, मन और आत्मा की देखभाल को प्राथमिकता देने की बात कही। शेयर की गई तस्वीरों के साथ मनीषा ने कैप्शन में लिखा, शायद मुझे यह समझने में थोड़ा वक्त लगा, लेकिन अब मैं पूरी तरह से अपनी सेहत और खुशी के लिए समर्पित हूं, मैंने ध्यान देना शुरू कर दिया है। मनीषा ने जीवन में उन्हें फिटनेस और जीवन के प्रति सकारात्मक नजरिए के लिए प्रेरित करने वाली दोस्त नमग्याल सिंह का आभार जताते हुए कहा, जीवन में ऐसी बेहतरीन दोस्त को पाकर धन्य हूं, जो मुझे प्रेरित करती है। वह न केवल फिटनेस में बल्कि इस बात में भी कि कैसे वह जीवन के सबसे कठिन समय को ताकत और मुस्कान के साथ हरा देती हैं। मेरी दोस्त की ताकत और मुस्कान मुझे सिखाती है कि मुश्किल वक्त को भी हिम्मत से पार किया जा सकता है। 1991 में फिल्म 'सौदागर' से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली मनीषा 90 के दशक की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक रही हैं। '1942- ए लव स्टोरी', 'दिल से', 'खामोशी- द म्यूजिकल' जैसी फिल्मों में उनके अभिनय ने उन्हें खूब शोहरत दिलाई।





# सनी कौशल का रैप डेब्यू मिड एयर फ्रीवर्स हुआ रिलीज

बॉलीवुड एक्टर सनी कौशल ने अपना नया रैप गाना मिड एयर फ्रीवर्स आज रिलीज़ किया , यह गाना उन्होंने मास अपील नाम की म्यूजिक कंपनी के साथ मिलकर बनाया है। शिद्दत फिल्म से पहचान बनाने वाले सनी ने इस गाने के बोल खुद लिखे हैं और इसे गाया भी है। गाने में सनी का पंजाबी अंदाज़ साफ नजर आता है। उनकी आवाज भी बहुत जबरदस्त है जो गाने को और खास बनाती है। वीडियो में सनी ब्लैक सूट, दाढ़ी और स्टाइलिश चश्मे में बहुत स्मार्ट लग रहे हैं। उनका लुक गाने की वाइब से पूरी तरह मेल खाता है। सनी कौशल ने कहा- ये एक बहुत मजेदार गाना है। मैंने इसे दिल से बनाया है और मुझे इसे बनाते हुए बहुत मजा आया। उम्मीद है कि लोगों को भी इसे सुनकर उतना ही मजा आएगा। मास अपील के हेड नवजोत सिंह ने कहा- जब सनी के साथ इस गाने पर काम करने का मौका मिला, तो हमने तुरंत हां कह दिया। गाना बहुत अच्छा था और सनी का म्यूजिक को लेकर जोश देखकर हमें भरोसा हो गया कि ये सभी को पसंद आएगा। सनी कौशल अब तक शिद्दत, फिर आई हसीन दिलरुबा, मिली जैसी फिल्मों में अपने अलग-अलग किरदारों से लोगों को इम्प्रेस कर चुके हैं। लेकिन इस नए गाने में उन्होंने खुद को एक नए अंदाज़ में दिखाया है जो पहले कभी नहीं देखा गया। सनी ने गाने का टीज़र एक दिन पहले शेयर किया था, जिसे देखकर फैंस बहुत एक्साइटेड हो गए। उनका स्टाइल और लुक सभी को बहुत पसंद आया।



# 'द इंडिया स्टोरी' के जरिए सोलो हीरो में वापसी

श्रेयस तलपड़े हाल ही में हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'कपकपी' में नजर आए हैं। इस फिल्म में उनकी और तुषार कपूर के बीच अच्छी बॉन्डिंग देखने को मिली है। श्रेयस 'हाउसफुल 5' भी आने वाली है। हाल ही में बातचीत के दौरान श्रेयस ने फिल्म की शूटिंग के अनुभव और भविष्य की योजनाओं पर खुलकर बात की।

## फिल्म 'कपकपी' की तुलना 'स्त्री से हो रही है, इस पर आपका क्या कहना है?

यह तो होता ही रहता है। 'स्त्री का कंपैरिजन किसी और से हुआ था। अब रेफरेंस के लिए कहीं न कहीं यह चीजें तो होती ही रहेंगी। मुझे लगता है हर फिल्म की एक अपनी आइडेंटिटी होती है, डेस्टिनी होती है।

## फिल्म 'कपकपी' में तुषार कपूर के साथ फिर से काम करने का अनुभव कैसा रहा?

तुषार के साथ शूट करना हमेशा ही अच्छा लगता है। वह मेरे दोस्त हैं। हम उम्र भी हैं और साथ में पहले बहुत सारा काम कर चुके हैं सो एक कंफर्ट लेवल है काम करने का। इस बार दोनों के रोल बड़े अलग थे। तुषार का तो बहुत जबरदस्त रोल है।

## 'इमरजेंसी में आप अटल जी के रोल में दिखे। क्या आगे कोई बायोपिक करने की योजना है?

बायोपिक हिंदी में अभी तक तो नहीं है, मराठी में एक दो बायोपिक पर काम चल रहा है। अच्छा स्क्रिप्ट स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। बाकी अटल बिहारी वाजपेयी जी के रोल के लिए लोगों का जो प्यार मिला। उसके लिए आभारी हूं। मेरी कोशिश थी कि उस फिल्म में जितना रोल मिला, जितनी स्क्रीन स्पेस मिला, उसे बतौर अटल शिद्दत से प्ले करूं और मैंने किया भी।

क्या दर्शक आपको सोलो एक्शन हीरो के रूप में देखेंगे?

जरूर देखेंगे। एक फिल्म है जिसका नाम है ''द इंडिया स्टोरी जिसमें मैं हूं और काजल अग्रवाल है। वह फिल्म भी तैयार हो रही है। अगले साल तक रिलीज भी होगी। उसमें दर्शक मेरा एक अलग तरह का रूप देखेंगे।

## क्या कोई नया साउथ प्रोजेक्ट साइन किया है?

नहीं, अभी अभी नहीं, फिलहाल तो यह 'पुष्पा तक ही किया है। इसके दो पार्ट्स किए हैं और वह जो 'द लायन किंग आपने मेंशन किया है उसके दो पार्ट किए हैं। यह तो डबिंग के तौर पर था, लेकिन बतौर एक्टर एक साउथ में फिल्म की है जो एक्चुअली कन्नड़ प्रोड्यूसर की है। फिल्म हिंदी में है, लेकिन हिंदी के साथ-साथ अलग-अलग लैंग्वेज में भी डब होगी। उसका पोस्ट प्रोडक्शन चल रहा है। बाकी मैं खुद को बहुत खुशनसीब समझता हूं कि एक डब की हुई फिल्म के लिए मुझे जितना प्यार मिला है, जितनी सराहना मिली है, शायद ही किसी को ऐसा प्यार मिलता है।



# 'इंडियन आइडल 2' में हुईं रिजेक्ट, एआर रहमान संग किया काम; बन गईं क्वीन ऑफ रीमिक्स

आज नेहा कक्कड़ बॉलीवुड की पॉपुलर सिंगर्स में शामिल हैं लेकिन यह जर्नी उनके लिए आसान नहीं रही है। ऋषिकेश में जन्मी और दिल्ली में पली-बढ़ी नेहा कक्कड़ ने 4 साल की उम्र से माता रानी के जगरातों में गाना शुरू कर दिया था। साल 2004 में वह अपने भाई टोनी कक्कड़ के साथ मुंबई शिफ्ट हो गईं। नेहा कक्कड़ की बड़ी बहन सोनू भी सिंगर हैं, नेहा अक्सर अपने इंटरव्यू में कहती हैं कि बहन से म्यूजिक के बारे में काफी कुछ सीखा है। नेहा का भाई टोनी कक्कड़ भी बॉलीवुड में पॉपुलर सिंगर-कंपोजर है। इस तरह ये भाई-बहनों की जोड़ी बॉलीवुड में छा चुकी है। लेकिन नेहा कक्कड़ ने अपने लिए एक अलग मुकाम बना लिया है। एक नजर सिंगर नेहा कक्कड़ की करियर जर्नी पर। नेहा कक्कड़ ने साल 2005 में 'इंडियन आइडल 2' में हिस्सा लिया था। ऑडिशन राउंड में ही उन्हें अच्छा रेस्पॉन्स नहीं मिला। फिर भी वह शो में सेलेक्ट हुई लेकिन जल्द ही बाहर हो गईं। इस रिजेक्शन से नेहा हारी नहीं, वह खुद पर काम करती रहीं। आगे चलकर अपना पहला एल्बम 'नेहा द रॉकस्टार(2008)' मीत ब्रदर्स के साथ मिलकर निकाला। इसी साल नामी सिंगर सुखविंदर के साथ 'हे रामा' नाम का गाना फिल्म 'मीराबाई नॉट आउट' फिल्म के लिए गाया।

## ऐसे बनीं बॉलीवुड की पॉपुलर सिंगर

साल 2009 में अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'ब्लू' के थीम सॉन्ग में गाने का मौका नेहा कक्कड़ को मिला। जिस गाने को नेहा ने गाया, उसे ए आर रहमान ने तैयार किया। इस गाने के बाद नेहा ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। नेहा ने आगे 'कॉकटेल', 'यारियां', क्वीन, ब्रदीनाथ की दुल्हनिया, सिंबा जैसी कई हिट फिल्मों में चार्टबस्टर सॉन्ग गाए हैं। साथ ही वह अपने म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए भी चर्चा में रहती हैं।

नेहा कक्कड़ ने कई फिल्मों में पुराने गानों के रीमिक्स भी गाए हैं। इस वजह से वह क्वीन ऑफ रीमिक्स कहीं जाने लगी हैं। इस टैग के बारे में नेहा कक्कड़ ने अपने एक इंटरव्यू में कुछ साल पहले कहा था, 'मैंने 'साकी साकी', 'दिलबर ' और 'तू चीज बड़ी है मस्त' जैसे रीमिक्स सॉन्ग फिल्मों के लिए गाए हैं। ऑडियंस ने इन गानों के लिए खूब प्यार भी दिया है। मुझे भी पुराने गाने पसंद हैं इसलिए इनके रीमिक्स मन से गाती हूं।' आगे भी नेहा की ख्वाहिश कई पुराने हिट सॉन्ग को रिमिक्स करके गाने की है।

## चर्चा में रही लव लाइफ भी

नेहा कक्कड़ सिर्फ अपनी सिंगिंग के लिए ही लाइमलाइट में नहीं रहीं, वह अपनी लव लाइफ के कारण भी खबरों में बनी रही हैं। साल 2014 में एक्टर हिमांश कोहली के साथ उनका लव अफेयर चर्चा में रहा। शादी करने की घोषणा भी दोनों कर चुके थे, फिर अचानक इनका ब्रेकअप हो गया। हिमांश कोहली के बाद नेहा की जिंदगी में पंजाबी सिंगर रोहनप्रीत सिंह की एंट्री हुई। नेहा कक्कड़ की जिंदगी में फिर प्यार की बहार आई। रोहनप्रीत के साथ साल 2020 में नेहा कक्कड़ ने शादी कर ली। नेहा कक्कड़ ने एक इंटरव्यू में कहा था, 'रोहन बहुत प्यारे इंसान हैं। वह कभी कुछ गलत नहीं करते हैं।' नेहा और रोहन साथ में कई म्यूजिक एल्बम भी कर चुके हैं। जिन्हें नेहा कक्कड़ के फैंस काफी पसंद करते हैं। नेहा को नेहू के नाम से उनके फैंस बुलाते हैं। इस नाम से सोशल मीडिया पर कई फैन पेज भी चलते हैं। खुद नेहा कक्कड़ भी इंस्टाग्राम पर रोहन और अपनी रोमांटिक तस्वीरें साझा करती हैं, जिन्हें फैंस खूब लाइक करते हैं।

# लोकेश की फिल्म का हिस्सा बने आमिर खान

आ मिर खान इन दिनों फिल्म सितारे जमीन पर को लेकर सुर्खियों में हैं। इसी बीच उनकी अगली फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। आमिर जल्द ही लियो के निर्देशक लोकेश के साथ फिल्म करने वाले हैं। खुद मीडिया से हुई हालिया बातचीत में आमिर ने इस पर अपनी मोहर लगा दी है। आमिर की ये फिल्म सुपरहीरो पर बेस्ड होगी। कुछ ऐसा होगा, जो इससे पहले आमिर ने कभी नहीं किया। आमिर ने बताया कि लोकेश संग उनकी फिल्म फाइनल हो चुकी है। दादा साहेब फाल्के की बायोपिक का काम निपटाने के बाद वह अगले साल के मध्य तक इस फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। हालांकि, आमिर ने फिल्म की कहानी पर बात नहीं की। उन्होंने कहा कि इस बारे में बात करना अभी जल्दबाजी होगी।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in